बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 18 जून 2026 | दिन - गुरुवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 141 | मूल्य - 5 रुपये









## भारत के साथ दोस्ती निभाता रहेगा अमेरिका.. फ्रांस में पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक में बोले ट्रम्प..




एवियॉन (फ्रांस)।

***फ्रांस के एवियन शहर में जी-7 सम्मेलन का आयोजन जारी है। बुधवार को सम्मेलन पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी थीं। ऐसा इसलिए क्योंकि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बड़ी***

बैठक हुई है। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक की है जिसमें भारत-अमेरिका ट्रेड डील, होर्मुज में जहाजों पर हमले समेत कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई है। पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच ये बातचीत 16 महीने बाद हो रही है। इससे पहले पीएम मोदी ने फरवरी 2025 में अमेरिका की यात्रा की थी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की थी। फ्रांस के एवियन में पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा- पश्चिम एशिया में शांति बहाल करने की कोशिशों में जो प्रगति हुई है, उसमें आपकी लीडरशिप की मैं तारीफकरता हूं। बैठक के दौरान पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से कहा- हमने हमेशा कहा है कि समुद्री आवाजाही की आजादी पक्की होनी चाहिए और हमें इस पर जोर देना चाहिए। समुद्री व्यापार के क्षेत्र में अलग-अलग समुद्रों में लाखों भारतीय नाविक काम कर रहे हैं। मेरा मानना है कि उनकी सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है। मुझे भरोसा है कि ईरान के साथ डील में नाविकों की सुरक्षा पक्की की। होर्मुज स्ट्रेट के पास हुए हमले में 3 भारतीय नाविकों की मौत के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी बयान दिया। उन्होंने कहा- मैंने इस घटना के बारे में सुना है, यह एक काफी मुश्किल प्रोफेशन है और हम इस पर मिलकर काम करते हैं। ऐसा हमेशा से होता रहा है, लेकिन हम मिलकर काम करते हैं।

### बोले ट्रंप

पीएम मोदी के साथ बैठक के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा- फ्रांस में हमारी कुछ बहुत अच्छी बैठकें हुईं। खासकर भारत के प्रधानमंत्री मोदी के साथ हमारी बहुत अच्छी बातचीत हुई। हम ट्रेड डील कर रहे हैं। अमेरिका और भारत के बीच बहुत कुछ हो रहा है। अमेरिका अब तक के सबसे अच्छे दौर से गुजर रहा है।

हम फैक्टरियां बना रहे हैं, हम सब कुछ बना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी अमेरिका में बहुत कुछ बना रहे हैं। वह अमेरिका में काफी पैसा निवेश कर रहे हैं, इसलिए हम उस काम की तारीफकरते हैं। लेकिन मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि वह लंबे समय से मेरे दोस्त रहे हैं, और हमारे रिश्ते हमेशा बहुत अच्छे रहे हैं, और आपके साथ होना बहुत अच्छा लग रहा है।

### मोदी सख्त है.. ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वेस्ट एशिया समेत कई बड़े मुद्दों पर भारत की अहम भूमिका है। ट्रंप ने पीएम मोदी को सख्त नेगोशिएटर बताया। ट्रंप ने कहा- वह बहुत सख्त नेगोशिएटर हैं। मैं आपको एक बात बताता हूं। वह बहुत अच्छे दिखने वाले शख्स हैं। वह बहुत अच्छे लगते हैं, जैसे कोई एंजेल। लेकिन असल में, वह उतने ही सख्त हैं जितने कि वह 'किलर' हैं, लेकिन वह बहुत अच्छे दिखते हैं। इसलिए वह आपको चौंका देते हैं। लेकिन ऐसे कुछ ही लोग होते हैं। लोग कहते हैं कि वह (पीएम मोदी) बहुत अच्छे इंसान हैं। मैंने कहा कि वह बहुत सख्त हैं। वह एक सख्त ट्रेडर हैं, और वह भारतीय लोगों से प्यार करते हैं, लेकिन वह अमेरिका से भी प्यार करते हैं। ह्यूस्टन में हमारा 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम हुआ था।







## 'यह ऑपरेशन टाइगर नहीं, ऑपरेशन गीदड़ है...

### उद्धव ठाकरे की पार्टी में टूट के बाद बोले नाना पटोले..



मुंबई।

***महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना एक बार फिर टूट गई है। राज्य में हुए ऑपरेशन टाइगर के बाद उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना यूबीटी के 9 में से 6 लोकसभा सांसदों पार्टी से बगावत कर दी है। इन बागी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को चिट्ठी सौंप कर अलग गुट के तौर***

पर मान्यता देने की मांग भी की है। इस घटना ने महाराष्ट्र की राजनीति में हंगामा मचा दिया है।

अब इस घटना को लेकर कांग्रेस नेता नाना पटोले ने नाराजगी जाहिर की है और कहा है कि ये ऑपरेशन टाइगर नहीं बल्कि ऑपरेशन गीदड़ है। गौरतलब है कि चूंकि शिवसेना यूबीटी के दो तिहाई सांसदों ने बगावत की है, इसलिए इन सांसदों पर दल बदल कानून के तहत कोई एक्शन भी नहीं हो सकता। उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना यूबीटी के जिन 6 लोकसभा सांसदों ने पार्टी से बगावत की है, उनके नाम सामने आ गए हैं। ये सांसद हैं। संजय दीना पाटिल- मुंबई उत्तर-पूर्व लोकसभा सीट। संजय जाधव- परभणी लोकसभा सीट। भाऊसाहेब वाकचौरे- शिर्डी लोकसभा सीट। संजय देशमुख- यवतमाल-वाशिम लोकसभा सीट। नागेश पाटिल- हिंगोली लोकसभा सीट। ओमराजे निंबालकर- धाराशिव लोकसभा सीट।

### बोले नाना पटोले..

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा- यह ऑपरेशन टाइगर नहीं, ऑपरेशन गीदड़ है। भारतीय जनता पार्टी क्षेत्रीय पार्टियों को खत्म कर देना चाहती है। वह लोकतंत्र पर विश्वास नहीं करती। बीजेपी की सत्ता की भूख नहीं मिटने वाली है। महाराष्ट्र में पहले शिवसेना के टुकड़े किए गए, फिर एनसीपी के टुकड़े किए गए। इसको नाम दिया गया ऑपरेशन टाइगर। यह टाइगर का अपमान है, यह गीदड़ का ऑपरेशन है। कांग्रेस नेता नाना पटोले ने आगे ये भी कहा कि कांग्रेस के सांसदों को तोड़ना इतना आसान नहीं है। इसलिए ये कांग्रेस के लिए डरने की बात नहीं है। शिवसेना यूबीटी के सांसदों की बगावत को लेकर नाना पटोले ने कहा कि ÷निश्चित तौर पर पैसे की लेनदेन हुई होगी। ये लोग जनमत को एक्सेप्ट नहीं करते हैं।







### क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/-

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433*



# विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# गोमती नदी में डूब रहे बुज़ुर्ग को बचाने गया युवक भी बहने लगा, सामने आया डरावना वीडियो..



डेस्क जगप्रेरणा।

*द्वारका में पवित्र गोमती नदी में दो लोगों के डूबने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, गोमती नदी के तेज़ बहाव में दो लोग गहरे पानी में खिंचे चले गए,*

जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद दोनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। अच्छी बात यह रही कि एक बड़ा हादसा टल गया, लेकिन इस घटना ने तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों के बीच चिंता बढ़ा दी है।

जानकारी के अनुसार, बुज़ुर्ग को डूबता देख उन्हें बचाने के लिए कूदा एक स्थानीय युवक भी पानी की तेज़ धारा के कारण नदी में खिंचा चला गया। हालांकि, किनारे पर खड़े एक और स्थानीय व्यक्ति ने सही समय पर हरकत में आकर दोनों की जान बचा ली। इस पूरे दिल दहला देने वाले रेस्क्यू ऑपरेशन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## बुज़ुर्ग को बचाने की कोशिश में युवक भी डूबने लगा..

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पवित्र स्नान या किसी धार्मिक अनुष्ठान के दौरान, एक बुज़ुर्ग का संतुलन बिगड़ गया और वे अचानक गोमती नदी के गहरे पानी की ओर बहने लगे। इस डरावने मंज़र को देखकर, किनारे पर खड़े एक बहादुर युवक ने अपनी परवाह किए बिना बुज़ुर्ग को बचाने के लिए पानी में छलांग लगा दी। लेकिन नदी की धारा इतनी तेज़ थी कि बुज़ुर्ग को पकड़ने की कोशिश में वह युवक खुद भी पानी के नीचे खिंचने लगा और नदी के बीचों-बीच फंस गया।

## 4 लोगों ने फरिश्ता बनकर दोनों को बाहर निकाला..

जैसे ही गोमती घाट पर अफ्रा-तफ्री मची, किनारे पर मौजूद 4 अन्य स्थानीय लोग तुरंत हरकत में आ गए। इन चार युवकों ने एक-दूसरे का साथ देते हुए अपनी जान जोखिम में डाली और तेज़ धारा में उतरकर बुज़ुर्ग और युवक दोनों को मज़बूती से थाम लिया। काफी मशक्कत और संघर्ष के बाद, चारों युवकों ने बुज़ुर्ग को नदी के मौत के मुंह से सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया। समय पर मिली इस मानवीय मदद की वजह से बुज़ुर्ग की जान बमुश्किल बच पाई।

गौरतलब है कि गहरे पानी और खतरनाक बहाव के कारण गोमती नदी के कुछ इलाकों में नहाने पर रोक है। हालांकि, कुछ लोगों द्वारा नियमों की अनदेखी करने के कारण ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। वायरल वीडियो के बाद प्रशासन भी सतर्क हो गया है। स्थानीय प्रशासन ने तीर्थयात्रियों और नागरिकों से अपील की है कि वे खतरनाक इलाकों में न जाएं और सुरक्षा निर्देशों का सख्ती से पालन करें।

# हमारे बच्चों को दबाती व कुचलती है देश की शिक्षा प्रणाली: राहुल गांधी..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को देश की शिक्षा प्रणाली की प्रासंगिकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह हमारे बच्चों को दबाती और कुचलती है जो देश के लिए सही नहीं है।*

गांधी ने 'कोचिंग हब' के रूप में विख्यात कोटा शहर में छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम 'छात्रों की गूंज' में देश की शिक्षा प्रणाली को बदलने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'हिंदुस्तान की शिक्षा प्रणाली अपने बच्चों को 'प्रेशराइज' (दबाव में) करता है।

यह उन्हें 'स्ट्रेस' (तनाव) देता है। यह बच्चों को दबाता और कुचलता है, जो देश के भविष्य के लिए बिल्कुल सही नहीं है।' उन्होंने कहा, 'मैं चाहता हूं कि हम सब मिलकर इसके खिलाफ लड़ाई लड़ें, ताकि आगे से किसी भी बच्चे को 'आत्मघाती' कदम न उठाना पड़े।' इससे पहले राहुल गांधी ने कहा कि उनकी छात्रों युवाओं के साथ इस संवाद का मकसद राजनीतिक नहीं है। उन्होंने कहा, 'यह कोई राजनीतिक बैठक नहीं है। इसमें भारत की शिक्षा प्रणाली पर चर्चा होगी कि इसमें क्या कमियां हैं और क्या सुधार करने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'यह बैठक आपके बारे में है, उन युवाओं के बारे में है जो अपना भविष्य बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह शाम आपके बारे में है, उन चुनौतियों के बारे में जिनका आप हर दिन सामना कर रहे हैं।' उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयार कर रहे पांच छात्रों को मंच पर बुलाया और उनसे बात की। उन्होंने एक छात्रा व उसके अभिभावकों से भी मंच पर बात की।


लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, 'हम अभी आज राजनीतिक बात नहीं कर रहे हैं। मैं हिंदुस्तान के भविष्य की बात कर रहा हूं, आपके भविष्य की बात कर रहा हूं, देश के भविष्य की बात कर रहा हूं। हमें इस (शिक्षा) प्रणाली को बदलना होगा और इस प्रणाली को ठीक करना होगा।' उन्होंने कहा कि हम ऐसी शिक्षा प्रणाली चाहते हैं जो हर भारतीय को बड़ा सपना देखने का मौका दे व उसे पूरा करे।

सबसे बड़ी बात आपका यह सपना न्यूनतम लागत पर, बिना आपकी जेब से लाखों करोड़ रुपये छीने करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'देश की शिक्षा प्रणाली हिंदुस्तान के सबसे गरीब मध्यम वर्ग के लोगों से एक परीक्षा के लिए उतना पैसा छीनता है जितना शिक्षा का बजट है और पांच बड़ी परीक्षा के लिए उतना पैसा छीनता है जितने पांच बड़े मंत्रालयों को बजट मिलता है। ये शर्मनाक है।

हमें इसे बदलना होगा।' उन्होंने कहा, 'भारत की शिक्षा प्रणाली शोषण (एक्सटोर्शन) मशीन है। ये आपसे पैसे लेने का 'सिस्टम' है। ये सिर्फशिक्षा देने का 'सिस्टम' नहीं है। ये परीक्षा के आधार पर आपसे लाखों करोड़ रुपये छीनने का 'सिस्टम' है।' कांग्रेस नेता ने कहा कि यह कार्यक्रम इस आंदोलन की शुरुआत है। उन्होंने युवाओं से इससे जुड़ने व अपने सुझाव देने की अपील की कि हम इस प्रणाली को कैसे बदलें।


दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433


# दर्दनाक.. टूटे बिजली तार की चपेट में आई महिला, बचाने गई देवरानी को भी लगा करंट, दोनों की मौत..




डेस्क जगप्रेरणा।

*ओडिशा के ढेंकानाल जिले के हिंदोल इलाके से एक बेहद दुखद घटना सामने आई है। मंगलवार रात आए तूफान के बाद टूटकर गिरे बिजली के तार की चपेट में दो महिलाएं आ गईं।*

हादसे के बाद दोनों महिलाओं को अस्पताल ले जाया गया लेकिन दोनों को ही बचाया नहीं जा सका। महिला और उसकी देवरानी की मौत के हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतकों की पहचान रंजु देहुरी और मनीषा देहुरी के रूप में हुई है।

## कैसे हुई पूरी घटना?

यह दर्दनाक घटना हिंदोल के रंजगोला गांव में बुधवार सुबह हुई। जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात आए तेज तूफान के दौरान एक बिजली का तार टूटकर घर के पीछे वाले हिस्से में गिर गया था। परिवार के किसी सदस्य को इसकी जानकारी नहीं थी और उन्हें यह भी पता नहीं था कि तार लाइव थी। बुधवार सुबह रंजु देहुरी किसी काम से घर के पीछे गई थीं। इसी दौरान उनका पैर गलती से टूटे हुए बिजली के तार पर पड़ गया। करंट लगते ही वह तार में फंस गईं और जोर-जोर से मदद के लिए चिल्लाने लगीं। रंजु की चीख सुनकर उनकी देवरानी मनीषा देहुरी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने रंजु को बचाने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान वह खुद भी बिजली के तार की चपेट में आ गईं। तेज करंट लगने से दोनों गंभीर रूप से झुलस गईं और जमीन पर गिर पड़ीं।

## डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित किया..

परिजनों ने जब दोनों महिलाओं की आवाज सुनी तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे। दोनों महिलाओं को बेहोशी की हालत में पाया गया। इसके बाद उन्हें तुरंत नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें आगे इलाज के लिए हिंदोल के सरकारी अस्पताल भेजा गया। हालांकि, अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## हादसे के बाद उठे सवाल..

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची और जरूरी कानूनी प्रक्रिया शुरू की। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। इस हादसे ने बिजली विभाग की सतर्कता

और तूफान के बाद टूटे बिजली तारों की समय पर जांच को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि समय रहते टूटे तार की जानकारी मिल जाती, तो शायद दो जिंदगियां बचाई जा सकती थीं।

# लंदन के 'वीरास्वामी' रेस्तरां पर बेदखली का खतरा, महात्मा गांधी भी यहां खा चुके हैं खाना..



डेस्क जगप्रेरणा।

दुनिया के सबसे पुराने भारतीय रेस्तरां में गिने जाने वाले वीरास्वामी **(Veeraswamy)** ने अपनी ऐतिहासिक इमारत से बेदखली को रोकने के लिए भारत सरकार से हस्तक्षेप करने की अपील की है। लंदन के रीजेंट स्ट्रीट स्थित विक्ट्री हाउस में चल रहा यह मिशेलिन स्टार रेस्तरां हाल ही में अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर चुका है, लेकिन अब इसके सामने अपनी मौजूदा जगह को खोने का खतरा मंडरा रहा है। वहीं, रेस्तरां की बिल्डिंग का मैनेजमेंट देखने वाले क्राउन स्टेट ने कहा है कि वह इसे मुआवजा दे सकता है या दूसरी जगह खोजने में मदद कर सकता है।

## एमडब्ल्यू ईट ने भारत सरकार से की ये अपील..

रेस्तरां के स्वामित्व वाले ग्रुप एमडब्ल्यू ईट के प्रमुख रंजीत माथरानी ने कहा कि भारतीय खानपान ब्रिटेन में भारत की 'सॉफ्ट पावर' का एक मजबूत प्रतीक है। उन्होंने भारत सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह करते हुए कहा कि भारत और ब्रिटेन के मजबूत द्विपक्षीय संबंधों तथा जल्द लागू होने वाले मुक्त व्यापार समझौते के दौर में लंदन के केंद्र से भारतीय इतिहास के इस महत्वपूर्ण हिस्से का गायब होना निराशाजनक होगा। माथरानी ने कहा,

विक्ट्री हाउस नाम की जिस बिल्डिंग में यह रेस्तरां है वह ब्रिटिश शाही संपत्ति पोर्टफोलियो का हिस्सा है, जिसका प्रबंधन क्राउन एस्टेट करता है। क्राउन एस्टेट का कहना है कि बिल्डिंग के रेनोवेशन की जरूरत के चलते रेस्तरां की लीज को रिन्यू करना संभव नहीं है। क्राउन एस्टेट के प्रवक्ता ने कहा कि विक्ट्री हाउस को आधुनिक मानकों के अनुरूप बनाने और उसकी पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने के लिए रेनोवेशन जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि ग्रेड-II सूचीबद्ध विरासत भवन होने के कारण रेनोवेशन की प्रक्रिया और भी जटिल हो जाती है।

## हजारों लोगों ने चलाया 'सेव वीरास्वामी' कैंपेन..

वीरास्वामी को बचाने के लिए इस वर्ष फरवरी में रेस्तरां के कर्मचारियों और मैनेजमेंट ने 'सेव वीरास्वामी' अभियान के तहत 20 हजार से अधिक लोगों के हस्ताक्षरों वाली ऑनलाइन याचिका बकिंघम पैलेस पहुंचाई थी।

यह याचिका ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय से रेस्तरां को बचाने की अपील के रूप में दी गई थी। रंजीत माथरानी ने कहा, एमडब्ल्यू ईट का दावा है कि उसने क्राउन एस्टेट को कई व्यवहारिक विकल्प सुझाए हैं, जिनमें भवन के नवीनीकरण कार्य का प्रबंधन स्वयं करने का प्रस्ताव भी शामिल है।

कंपनी ने यह भी पेशकश की है कि यदि भवन को कार्यालयों में बदला जाता है तो उससे मिलने वाले संभावित किराये के बराबर किराया देने को भी तैयार है। कंपनी का कहना है कि इस विवाद के कारण ब्रिटिश करदाताओं का लाखों पाउंड का नुकसान हो रहा है, क्योंकि किराये की आय रुक रही है और कानूनी खर्च लगातार बढ़ रहे हैं।

## 29 जून से शुरू हो रही है कानूनी सुनवाई..

रेस्तरां की लीज और किरायेदारी अधिकारों से जुड़े मामले की सुनवाई सेंट्रल लंदन काउंटी कोर्ट में 29 जून से शुरू होगी। यह सुनवाई 5 दिनों तक चलेगी। वहीं, क्राउन एस्टेट का कहना है कि उसने एमडब्ल्यू ईट द्वारा दिए गए सभी वैकल्पिक प्रस्तावों की समीक्षा की है, लेकिन उसे ऐसा कोई विकल्प नहीं मिला जो हेरिटेज बिल्डिंग की सुरक्षा, कानूनी दायित्वों और सार्वजनिक धन के उचित प्रबंधन की उसकी जिम्मेदारियों को पूरा करता हो। अब कुल मिलाकर इस ऐतिहासिक भारतीय रेस्तरां का भविष्य अदालत के फैसले पर टिका है।

# दिल्ली में बदमाश बेखौफ, जौहरी से लूटपाट की कोशिश; एक लाख का इनामी समेत 4 कुख्यात गिरफ्तार..



डेस्क जगप्रेरणा।

*दिल्ली पुलिस ने आभूषण व्यापारी से लूटपाट की कोशिश के मामले में चार अपराधी को गिरफ्तार किया है। बीते 19 अप्रैल को अंतर-राज्यीय गिरोह के कुछ बदमाशों ने एक जौहरी से लाखों के गहने छिनने की कोशिश की थी।*

लेकिन स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए जिसके बाद सभी बदमाश वहां से फरार हो गए। इसके बाद जौहरी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया।

## जौहरी से लूट की बड़ी साजिश नाकाम, 1 लाख का इनामी बदमाश भी चढ़ा हत्थे..

दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के कापसहेड़ा में एक जौहरी को लूटने की कोशिश के आरोप में एक अंतर-राज्यीय गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी पर एक लाख रुपये का इनाम भी था। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने 14 जून को सुनील (40), जोगिंदर उर्फ़मुकेश (37), गुलज़ार (39) और 22-वर्षीय अभिषेक उर्फ़चिट्टा को गिरफ़्तार किया और उनके पास से 11 लाख रुपये नकद तथा हथियार बरामद किए। अधिकारी ने बताया कि ये आरोपी कुख्यात शुभम पंडित गिरोह से जुड़े हैं। सुनील पर एक लाख रुपये का इनाम भी था। उनके मुताबिक, यह घटना 19 अप्रैल की रात को हुई थी, जब हरियाणा के समालखा का रहने वाला एक व्यापारी अपनी दुकान बंद करके स्कूटर से घर लौट रहा था। उसके पास एक बैग में लगभग 3.5 किलो चांदी के गहने थे, जिनकी कीमत 7-8 लाख रुपये थी।

## भीड़ पर चलाई गोली और बाइक से हुए फरार..

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'जब वह (दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के) कापसहेड़ा में एक मंदिर के पास पहुंचा, तो दो लोगों ने उसका स्कूटर अचानक रोक लिया, जिससे वह गिर गया। उनमें से एक ने उसकी छाती पर देसी तमंचा तान दिया और गहनों का बैग छीनने की कोशिश की, जबकि दूसरे ने बंदूक के बट से उस पर हमला किया।' हाथापाई के दौरान,

एक तमंचा सड़क पर गिर गया। शोर-शराबा सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पथराव कर हमलावरों को पकड़ने की कोशिश की। हालांकि, आरोपियों ने भीड़ को डराने के लिए कथित रूप से एक गोली चलाई और मोटरसाइकिल पर भागने में कामयाब रहे। व्यापारी की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया। घटनास्थल की जांच के दौरान, पुलिस को देसी तमंचा और कारतूस का एक खाली खोखा मिला।

## आरोपी यूपी-हरियाणा की कई वारदातों में थे वांछित..

अधिकारी ने बताया, 'जांच के दौरान, उत्तर प्रदेश के निवासी और लंबे आपराधिक इतिहास वाले सुनील एवं उसके साथी जोगिंदर की पहचान की गई। उत्तर प्रदेश और हरियाणा में लगभग दो महीने तक निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने के बाद, जोगिंदर को 14 जून को गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार कर लिया गया।' उन्होंने बताया कि जोगिंदर की निशानदेही पर उसके साथियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कुल तीन देसी तमंचे बरामद किए हैं। अधिकारी ने बताया, 'आरोपियों में से तीन उत्तर प्रदेश के शिकोहाबाद में दर्ज लूट के मामले में, जबकि सुनील और जोगिंदर फरीदाबाद में रंगदारी के एक मामले में वांछित थे, जिसमें कथित तौर पर पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई थी।'

# लंदन में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या के मामले में ब्रिटिश पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*ब्रिटेन में 26 वर्षीय भारतीय मूल के एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या किए जाने के मामले की जांच कर रहे खुफिया अधिकारी ने हत्या के संदेह में एक युवक को गिरफ्तार किया है। महानगर पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।*

गुरभेज सिंह नाम का यह युवक पिछले सप्ताह सड़क किनारे हुए चाकू के हमले का शिकार हुआ था, जहां मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। इस घटना के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। सिंह की हत्या के संदेह में मंगलवार को पश्चिमी लंदन के साउथॉल से एक 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है, जो फिलहाल पुलिस हिरासत में है। महानगर पुलिस की ओर से इस मामले की जांच का नेतृत्व कर रही खुफिया अधिकारी प्रमुख निरीक्षक एलीसन फॉक्सवेल ने कहा, 'पिछले सप्ताह गुरभेज की मौत के बाद से अधिकारियों ने व्यापक जांच की है, जिसके आधार पर हमने हत्या के संदेह में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है।' उन्होंने कहा, 'मैं इस बात से वाकिफहूं कि इस दुखद घटना से स्थानीय स्तर पर चिंता पैदा हुई होगी।

मैं घटना स्थल पर जांच के दौरान धैर्य बनाए रखने के लिए स्थानीय समुदाय का धन्यवाद करना चाहती हूं।' साउथॉल में डोर्मर्स वेल्स लेन के पास नॉर्थ रोड पर सिंह के साथ-साथ एक अन्य 30 वर्षीय व्यक्ति पर भी हमला किया गया था। घायल व्यक्ति का अस्पताल में इलाज किया गया और बाद में उसे छुट्टी दे दी गई।

# वडोदरा में बस के ट्रक से टकराने के कारण आठ लोगों की मौत, 26 घायल..




जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)


*गुजरात के वडोदरा जिले में बुधवार तड़के एक निजी बस के राजमार्ग पर खड़े ट्रक से टकरा जाने से आठ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मरने वालों में बस चालक भी शामिल है।*

अधिकारियों ने वडोदरा-हालोल राजमार्ग पर हुए इस हादसे के बारे में बताया कि यह घटना तड़के करीब चार बजे वडोदरा शहर के बाहरी इलाके में कोटांबी गांव के पास हुई, जब राजस्थान से सूरत जा रही बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई।

वडोदरा के पुलिस अधीक्षक सुशील अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया, 'इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हुए हैं। इनमें से छह लोगों की मौत मौके पर ही हो गई थी, जबकि दो घायलों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में बस चालक भी शामिल है।' उन्होंने बताया कि बस में सवार अधिकतर यात्री राजस्थान के थे।

पुलिस के अनुसार, ट्रक सड़क किनारे खड़ा था और चालक टायर में हवा के दबाव की जांच कर रहा था, तभी तेज रफ्तार बस पीछे से उसमें जा टकराई। उसने बताया कि टक्कर के बाद बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कई यात्री उसमें फंस गए। पुलिस, दमकल विभाग और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ)की टीमों ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान चलाया और घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया। अग्रवाल ने बताया कि ट्रक चालक को पकड़ लिया गया है और उसे गिरफ्तार करने की प्रक्रिया जारी है।


दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# मोदी सरकार के 12 वर्ष : विकास, सुशासन और आत्मनिर्भर भारत पर प्रबुद्धजनों ने रखे विचार..

## भाजपा की प्रबुद्धजन संगोष्ठी में मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने गिनाईं केंद्र सरकार की उपलब्धियां..

जगप्रेरणा सिवनी।

*भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सिवनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया गया।*

कार्यक्रम में मंडला सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मीना बिसेन ने की। वहीं सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र नाथ शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मंच पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, प्रेम तिवारी, जिला महामंत्री संतोष अग्रवाल, गजानंद पंचेश्वर एवं मुकेश बघेल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री मुकेश बघेल ने किया।





### 5 जून से 21 जून तक चल रहे हैं सेवा और जनजागरण कार्यक्रम..

भाजपा जिलाध्यक्ष मीना बिसेन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से लेकर 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक पूरे जिले में सेवा, जनकल्याण, विकास एवं जनजागरण से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा गरीब, किसान, युवा, महिला और समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है।

### मोदी के नेतृत्व में बढ़ी भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा : कुलस्ते

मुख्य अतिथि फग्गन सिंह कुलस्ते ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व मंच पर नई पहचान बनाई है। आज भारत केवल एक विकासशील राष्ट्र नहीं, बल्कि वैश्विक निर्णयों को प्रभावित करने वाली शक्ति के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर मजबूती से अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि सड़क, रेल, हवाई अड्डों, डिजिटल सेवाओं, ग्रामीण विकास और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। कुलस्ते ने कहा कि आज दुनिया भारत की ओर आशा और विश्वास के साथ देख रही है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बात को गंभीरता से सुना जाता है और देश की प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ रही है।

### विकसित भारत का संकल्प हर नागरिक का संकल्प : दिनेश राय मुनमुन

सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में विकास और सुशासन की नई संस्कृति स्थापित हुई है। उन्होंने कहा कि पूर्व में वर्षों तक लंबित रहने वाली परियोजनाएं अब निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो रही हैं। गांवों तक सड़क, बिजली, पानी और डिजिटल सुविधाओं का विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 का संकल्प केवल सरकार का नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का संकल्प है। देश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने में समाज के प्रत्येक वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### संविधान, सुशासन और राष्ट्र निर्माण पर रखे विचार..

वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र नाथ शुक्ला ने संविधान, लोकतंत्र और सुशासन के विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शासन व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि भारत आज एक मजबूत लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

अधिवक्ता हीरालाल जरगे ने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं।

### समाज के हर वर्ग की रही सहभागिता..

संगोष्ठी में नगर पालिका एवं नगर परिषदों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, जनपद पंचायत प्रतिनिधि, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं प्रभारी, विभिन्न मोर्चों के जिलाध्यक्ष, प्रकोष्ठ संयोजक, पार्षद एवं बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में शिक्षक, व्यापारी, उन्नत कृषक, समाज प्रमुख, समाजसेवी, अधिवक्ता, चिकित्सक एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े बुद्धिजीवियों की विशेष सहभागिता रही। संगोष्ठी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों तथा विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

# मतदाताओं की संख्या में असमानता देखी जा रही है - कांग्रेस..

जगप्रेरणा सिवनी।

*सिवनी नगरपालिका में मतदाता सूची में नाम जोड़ने/काटने/संशोधन के लिए पिछले माह 15 दिन का समय बीएलओ को दिया गया था। उसके बाद 10 दिन का और समय दिया गया, फिर तीसरी बार 10 दिन का समय दिया गया,*

यदि मतदाता सूची में नाम जोड़ने/काटने का काम प्रत्येक घर घर जाकर किया जाता तो 15 दिनों में प्रत्येक नाम जोड़ने/काटने एवं संशोधन का कार्य पूर्ण हो जाता। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 2025 में जो विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया गया था उसमें लोकसभा, विधानसभा एवं नगरपालिका क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या में असमानता देखी जा रही है जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी को संज्ञान में लेना चाहिये।

मतदान केन्द्रों में बैठे बीएलओं मतदाताओं की राह देख रहें है बहुत ज्यादा संख्या में वार्डो से नाम जोड़ने एवं काटने का कार्य नहीं हो पा रहा है तो ऐसे में बार-बार समय बढ़ाने का कोई औचित्य नही है। नगरपालिका के जो बीएलओ इस कार्य में लगाए गए है उनके नगरपालिका कार्यालय में उपस्थित न रहने से कार्य प्रभावित और लंबित हो रहे है, आम जन अपने कार्यो के लिए नगरपालिका के लिए चक्कर काट रहें है।

नगरपालिका क्षेत्र की मतदाता सूची में 1999 से मतदाताओं में असमंजस्य की स्थिति बने रहने का मुख्य कारण लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव 33 वार्ड में 91 मतदान केन्द्र की मतदाता सूची के अनुसार कराए जाते है एवं नगरपालिका के चुनाव 24 वार्ड में 118 मतदान केन्द्र की मतदाता सूची के अनुसार कराए जाते है जिसके कारण अनेक बूथ में परिवर्तन हो जाता है।

जिला कांग्रेस द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी से वर्षो से यह मांग की जा रही है कि लोकसभा, विधानसभा एवं नगरपालिका चुनाव 24 वार्ड की मतदाता सूची एवं इसी परिसीमन के आधार पर कराए जाए या फिर नगरपालिका क्षेत्र में पुनः 33 वार्ड कर दिए जाए, जिससे सभी चुनाव में मतदान केन्द्र एवं मतदाता सूची में एक-रूपता बनी रहेंगी। बीएलओं को नाम जोड़ने/काटने एवं संशोधन में परेशानी नहीं जायेगी, मतदाताओं को भी मतदान केन्द्रो में पंहुचने में सुविधा होगी।

# 21 जून को विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## हृदय रोग स्त्री रोग सर्व रोग विशेषज्ञ करेंगे इलाज..

जगप्रेरणा छपारा।

आगामी 21 जून को सुबह 11:00 से 3:00 तक मिशन स्कूल प्रांगण में केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश सिंह के मुख्य अतिथि एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुलाब साहू की विशेष अतिथि में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा एवं बी एम ओ के सानिध्य में किया जा रहा है। विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं सर्व रोग विशेषज्ञ के द्वारा इलाज किया जाएगा विशाल निशुल्क शिविर में डॉ अनिमेष गुप्ता एमडी मेडिसिन हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ उमा महेश्वर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अर्चना ठाकुर स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा शिविर में आने वाले मरीज का निशुल्क इलाज करेंगे शिविर के आयोजक आलिंद हार्ड फाउंडेशन एवं जीवंता हेल्थ केयर सेंटर राइट टाउन जबलपुर का विशेष सहयोग रहेगा। निशुल्क शिविर में विशेषज्ञों से परामर्श एवं मार्गदर्शन विशेषज्ञों से निशुल्क ले सकते हैं विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ उठाएं।

# 19 एवं 20 जून को जिले में आयोजित होंगी प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं..

जगप्रेरणा सिवनी।

राज्य शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मध्य संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कृषि आधारित विशेष अभियान के अंतर्गत जिले में 19 एवं 20 जून 2026 को प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशाला एवं कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, कृषि लागत में कमी तथा किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के तहत 19 जून 2026 को विकासखंड घंसौर स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में प्राकृतिक खेती कार्यशाला आयोजित होगी। वहीं 20 जून 2026 को कृषि विज्ञान केंद्र, नागपुर रोड, सिवनी के प्रांगण में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यशालाओं में किसानों को प्राकृतिक खेती की उन्नत तकनीकों की जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले कृषि आदानों जैसे बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत एवं दशपर्णी अर्क के निर्माण एवं उपयोग संबंधी तकनीकी प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा दिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों के अधिकारी किसानों को कृषि संबंधी तकनीकी सलाह देने के साथ-साथ शासन की विभागीय योजनाओं एवं उनके लाभों की जानकारी भी उपलब्ध कराएंगे। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे इन कार्यशालाओं एवं संगोष्ठियों में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित कर प्राकृतिक खेती की नवीन तकनीकों को अपनाएं तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले आरोपी मोहम्मद हामिद इंजीनियर पर कोतवाली पुलिस की कठोर कार्यवाही..

## एन.एस.ए. में गिरफ्तार कर भेजा जेल..

जगप्रेरणा सिवनी।

*पुलिस अधीक्षक कृष्णा लालचंदानी अपराधों की रोकथाम के खिलाफ न केवल सख्त है अपितु प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं जो एएसपी दीपक मिश्रा एवं*

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा कोतवाली पुलिस द्वारा बकरीद पर गौहत्या का प्रयास कर साम्प्रदायिक सोहार्द्र बिगाडने का प्रयास करने वाले नागपुर निवासी मोहम्मद हामिद के विरूध्द राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही कर 03 माह के लिए जेल भेजा गया है।

उल्लेखनीय है कि अनावेदक मोहम्मद हामिद उर्फ इंजीनियर पिता मोहम्मद हनीफ उम्र 69 वर्ष निवासी सेवा सदन सी.ए. रोड गांधीबाग नागपुर (महाराष्ट्र) के विरूद्ध थाना कोतवाली में म.प्र.गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियमम 2004 एवं नागपुर महाराष्ट्र में वर्ष 2025 में सांप्रदायिक दंगा करवाने के आपराधिक प्रकरण दर्ज है, उक्त प्रकरण में अनावेदक को गिरफ्तार किया जा चुका है जिसके द्वारा सिवनी जिले की शांति एवं सांप्रदायिक सौहार्द को षडयंत्रपूर्वक बिगाड़ने के उददेश्य से अपने साथियों के साथ मिलकर दिनांक 28/05/2026 को बकरीद के समय कुर्बानी के नाम पर निर्ममता से गौवंशों का वध करने की योजना थी जिसे वक्त रहते तत्परता के साथ उक्त गौवंश वध को रोका गया तथा कुर्बानी हेतु लाये गए 07 नग गौवंशों को अनावेदक एवं उसके साथियों के कब्जे से मुक्त कराकर सुरक्षार्थ गौशाला भेजा गया था।

अनावेदक मोहम्मद हामिद के द्वारा कुर्बानी के नाम पर गौवंश वध करने से हिन्दुओं की धार्मिक आस्था को गहरी चोट पहुंचाकर सिवनी जिले में सांप्रदायिक सौहार्द्र एवं लोकप्रशांति को बिगाड़ने का कृत्य किया गया है चूंकि पूर्व से ही सिवनी जिले में गौवंश वध एवं अन्य कारणों को लेकर कई बार सांप्रदायिक स्थिति निर्मित होकर हिन्दू और मुस्लिम पक्ष आमने सामने हो चुके है तथा वर्ष 2024 में भी बड़ी संख्या में गौवंश की हत्या कर दी गई थी जिसके कारण सिवनी की कानून व्यवस्था बिगड़ी थी, यह बात अनावेदक अच्छे से जानता था इसके बाद भी इसके द्वारा गौवंश वध करने का प्रयास किया गया। सांप्रदायिक दंगा जैसी परिस्थितियों उत्पन्न होने से रोकने हेतु पुलिस के द्वारा तत्परता से कार्यवाही की गई। अनावेदक के द्वारा नागपुर में भी षड़यंत्र पूर्वक दो पक्षो बीच में दंगा भड़का चुका है तथा सिवनी में भी अपने आपराधिक कृत्य से सांप्रदायिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील सिवनी जिले की लोक व्यवस्था तथा लोक प्रशांति भंग करने एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया है। अनावेदक का कृत्य सिवनी जिले की लोक प्रशांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्द को बनाये रखने में बाधक है।

सिवनी जिले की ईन लोक व्यवस्था, लोक प्रशांति एवं सांप्रदायिक सौहार्द्र तथा सदभाव बनाये रखने के लिए अनावेदक के विरुध्द धारा 3(2) राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 के अंतर्गत कार्यवाही की जाकर अनावेदक को नागपुर महाराष्ट्र से दिनांक 16/06/2026 को गिरफ्तार किया जाकर 03 माह के लिए केन्द्रीय जेल जबलपुर (म.प्र.) भेजा गया है।

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

# पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त 20 जून को होगी जारी, जिले में मनाया जाएगा 'पीएम किसान उत्सव दिवस'

जगप्रेरणा सिवनी।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को मिलने वाली 23वीं किस्त का वितरण 20 जून 2026 को किया जाएगा। इस अवसर पर पूरे जिले में जिला, विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर 'पीएम किसान उत्सव दिवस' का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार प्रधानमंत्री द्वारा आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी स्तरों पर कराया जाएगा। कार्यक्रम का प्रसारण प्रोजेक्टर एवं बड़ी स्क्रीन के माध्यम से किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें। निर्देशों के अनुसार जिले के सभी जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। ग्राम स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में संबंधित पटवारी एवं ग्राम नोडल अधिकारी किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

साथ ही राजस्व विभाग के मैदानी अमले को भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आधार एवं बैंक खाते की ई-केवाईसी, भू-अभिलेखों के सत्यापन तथा पीएम किसान पोर्टल पर फेस ऑथेंटिकेशन सहित अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी दी जाएगी। जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जबकि विकासखंड स्तर पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नोडल अधिकारी बनाया गया है। तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे अपने निकटतम आयोजन स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल हों तथा शासन की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें।

# प्रॉपर्टी विवाद में रची गई थी फायरिंग की साजिश, तीन आरोपी गिरफ्तार..

जगप्रेरणा सिवनी।

*शहर के बुधवारी क्षेत्र में पिछले दिनों हुई फायरिंग की सनसनी खेज घटना का पुलिस अधीक्षक ने खुलासा कर दिया है। जांच में सामने आया है कि*




करोड़ों रुपये की विवादित संपत्ति को लेकर रची गई साजिश के तहत बाहर से शूटर बुलाकर वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने मामले में एक शूटर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य साजिशकर्ता अभी फरार है।

एसपी कृष्ण लालचन्दानी ने बताया कि 12 जून को सुनारी मोहल्ला निवासी शैलेन्द्र चौरसिया ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 11-12 जून की दरम्यानी रात अज्ञात बदमाशों ने उनके घर पर गोली चलाई। पुलिस को मौके से कारतूस का खोखा मिला था, जबकि गोली शटर को भेदते हुए घर के अंदर तक पहुंची थी। जिस स्थान पर गोली लगी, वहां फरियादी सामान्यतः सोता था। घटना के समय वह वहां मौजूद नहीं था, जिससे उसकी जान बच गई। पुलिस जांच में पता चला कि छिंदवाड़ा चौक स्थित लगभग तीन करोड़ रुपये मूल्य की एक विवादित संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद का लाभ उठाने की नीयत से कुछ लोगों ने ऐसी साजिश रची कि हमला होने पर संदेह संपत्ति विवाद से जुड़े अन्य पक्षों पर जाए और उन्हें संपत्ति पर कब्जा करने का अवसर मिल सके। जांच के दौरान पुलिस ने करीब 50 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंची। पुलिस के अनुसार सिवनी निवासी अमन चौहान और फरार आरोपी गौरव दीक्षित ने भोपाल से निखिल वाथम और गोलू अहिरवार को बुलाया था। निखिल ने देशी पिस्टल से फायरिंग की, जबकि गोलू मोटरसाइकिल चलाकर उसे घटनास्थल तक लेकर आया। पुलिस ने निखिल वाथम, गोलू अहिरवार और अमन चौहान को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त देशी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, मोबाइल फोन तथा मोटरसाइकिल जब्त की है। मुख्य आरोपी गौरव दीक्षित की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में से कुछ के विरुद्ध पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। मामले की आगे जांच जारी है।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्वारत हाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मिलने का समय सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
मो.- 8817448039



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# कटंगी-खैरलांजी क्षेत्र में विधायक गौरव सिंह पारधी ने दी पुनः निर्माण कार्यों की सौगात..

### क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति में किया भूमि पूजन एवं लोकार्पण..







जगप्रेरणा कटंगी।

***विधानसभा क्षेत्र कटंगी-खैरलांजी में विकास कार्यों को गति देते हुए मंगलवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों करनूटोला, पांजरा एवं झझांगी नवेगांव में क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी की अध्यक्षता में विभिन्न निर्माण कार्यों***

का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र की सांसद भारती पारधी भी उपस्थित रही। क्षेत्र को दी गई सौगातों में विधायक गौरव सिंह पारधी ने ग्राम पंचायत अर्जुनी के करनुटोला में राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत स्वीकृत 14.85 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क निर्माण कार्य का विधि विधान से भूमिपूजन किया। इसी प्रकार जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत ग्राम पंचायत पांजरा में राज्य वित्त आयोग एवं विधायक निधि से स्वीकृत कुल 12.49 लाख रुपये की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इसके तहत पांजरा में पंचायत भवन तथा प्राथमिक व माध्यमिक भवन परिसर में बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जाएगा।

### ग्राम पंचायत नवेगांव में किया सोसाइटी गोदाम का लोकार्पण

दौरे के आखिरी चरण में विधायक गौरव सिंह पारधी ने ग्राम पंचायत झांझगी नवेगांव में निर्मित 'सोसाइटी गोदाम' का लोकार्पण कर क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। सांसद व विधायक के कर-कमलों द्वारा इस गोदाम की पट्टिका का अनावरण किया गया, जिससे अब स्थानीय किसानों को खाद-बीज और अनाज भंडारण में बड़ी सहूलियत मिलेगी।

### बोली सांसद पारधी..

आयोजित कार्यक्रमों में सांसद भारती पारधी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार ग्रामीण अंचलों के कायाकल्प के लिए पूरी ताकत से जुटी है। जिसका सीधा लाभ आज गांव के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक ईमानदारी से पहुँच रहा है। उन्होंने आगे कहा कि विधायक श्री गौरव सिंह पारधी की सक्रिय और कर्मठ कार्यशैली वाकई काबिले तारीफ है। क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं को दूर करने के लिए वे दिन-रात प्रयास कर रहे हैं और उनके इसी जुझारूपन के कारण कटंगी-खैरलांजी क्षेत्र में लगातार नई विकास योजनाएं स्वीकृत हो रही हैं।

### जनप्रतिनिधियों ने जताया आभार

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों, जनपद सदस्यों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र को मिली विकास कार्यों की सौगात के लिए सांसद व विधायक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नेतृत्व की इसी सक्रियता के कारण क्षेत्र की पुरानी मांगें धरातल पर उतर रही हैं, जिससे ग्रामीण अंचलों की सूरत बदलेगी। कार्यक्रमों में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रविकांता महेश बोरकर, पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद श्री मेषकुमार देशमुख, जनभागीदारी अध्यक्ष श्री सुरेश ठाकुर, जि.विकास सलाहकार समिति सदस्य श्री राजेन्द्र देशमुख जि.पं. सदस्य श्री प्रकाश उके, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री अजय मेश्राम, जिला मंत्री श्रीमती अरुणा गजभीये, मंडल अध्यक्ष श्री सौरभ ठाकरे व श्री अविनाश देशमुख, श्रीमती दीपेश्वरी लिल्हारे, जनपद सदस्य श्रीमती राजेश्वरी डहरवाल, श्रीमती कांता प्रताप परिहार व श्रीमती खिलेश्वरी बिसेन, पूर्व जि.उपाध्यक्ष श्री तेजलाल चौधरी, जिला सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक श्री पुष्पेंद्र देशमुख, श्री डेलसिंह पारधी, श्री सालिकराम राहंगडाले, वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री अशोक बिसेन, अर्जुनी सरपंच श्री विनोद गड़पांडे, पांजरा सरपंच श्री खिलेश्वर गड़पाल, नवेगांव सरपंच श्रीमती चन्द्रप्रभा वाघाड़े सहित समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जनता की सेवा ही मेरा एकमात्र संकल्प - विधायक गौरव सिंह पारधी

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक गौरव सिंह पारधी ने अपने उद्बोधन में क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपका विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। विधानसभा क्षेत्र के हर गांव को मुख्य सड़कों से जोडऩा, प्रत्येक घर में शुद्ध पेयजल सुनिश्चित करना और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनका मुख्य लक्ष्य है। विधायक गौरव पारधी ने आगे प्रदेश सरकार का आभार जताते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और राज्य सरकार के सहयोग से क्षेत्र में बड़े स्तर की बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। उन्होंने उपस्थित जनता को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएंगे तथा कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहेगा।

# अगासी में सरस्वती शिशु मंदिर का हुआ लोकार्पण लगा स्वास्थ्य शिविर

### यह केवल विद्यालय नहीं संस्कार का मंदिर है.. सांसद भारती पारधी

### राष्ट्रवाद की भूमिका आगे बढ़ाने ऐसे विद्यालय की जरूरत है.. गौरव पारधी





जगप्रेरणा कटंगी (बालाघाट)।

बालाघाट जिले के कटंगी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत आगासी में 16 जून दिन मंगलवार को विद्या भारती के लक्ष्य अनुरूप सर्वांगीण विकास हेतु ग्राम अगासी निवासी डॉक्टर संतोष तुरकर पिता स्वर्गीय उम्मेद तुरकर माता स्वर्गीय रिधन तुरकर के परिजनों द्वारा दान की गई भूमि पर बने विद्यालय का लोकार्पण और स्वस्थ शरीर का आयोजन किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बालाघाट सिवनी क्षेत्र की सांसद भारती पारधी रही वही कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांत कोषाध्यक्ष विद्या भारती विष्णु कांत ठाकुर द्वारा की गई कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि कटंगी खैरलांजी क्षेत्र के विधायक गौरव पारधी, प्रादेशिक सचिव केशव शिक्षा समिति ईशवर दयाल पटेल रहे वहीं मंच पर अन्य

गरिमामयी उपस्थिति के चलते भूमि दानदाता परिवार से दमयंती बाई तुरकर, अध्यक्ष ग्राम भारती बालाघाट डॉक्टर सुनीता जैन, अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर अगासी कांतीलाल राणा, भूमि दानदाता कटंगी धनेंद्र चौधरी, अध्यक्ष ग्राम भारती कटंगी डॉक्टर गीरेद्र पंवार, सरपंच ग्राम पंचायत अगासी कमला

नेवारे के अलावा अन्य अतिथि मंच पर उपस्थित रहे सभी का ग्राम भारती अगासी और कटंगी द्वारा शाल श्रीफल से स्वागत किया गया मंच का संचालन संस्कृत भाषा में लाल बहादुर राहगडाले द्वारा किया गया काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे

### यहां केवल विद्यालय नहीं संस्कार का मंदिर है.. भारती पारधी

सरस्वती शिशु मंदिर अगासी ग्राम भारती बालाघाट के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंची बालाघाट जिले की सांसद भारती पारधी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुत हर्ष का विषय है कि बालाघाट जिले के कटंगी विधानसभा में सरस्वती शिशु मंदिर बनकर तैयार हुआ है एक नहीं बल्कि दो आज इसका लोकार्पण है कल फिर कटंगी नगर में एक और लोकार्पण है काफी लोगों द्वारा इसमें सहयोग किया गया हमारे द्वारा भी सहयोग किया गया है और भविष्य में भी सहयोग करेंगे आप लोगों ने ग्राउंड की बात की है जिला कलेक्टर के साथ मिलकर आपकी बात शिक्षा मंत्री तक पहुंचाई जाएगी आपकी इच्छा पूरी होगी सरस्वती विद्या मंदिर के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं होगी उन्होंने कहा कि यह केवल विद्यालय नहीं संस्कार का मंदिर है आप सभी भी इसको आगे बढ़ाने में सहयोग करें हमारी विचारधारा है कि अंतिम छोर तक देश भर में ऐसे ही सरस्वती शिशु मंदिर का निर्माण हो

### राष्ट्रवाद की भूमिका आगे बढ़ाने ऐसे विद्यालय की जरूरत है.. गौरव पारधी

सरस्वती शिशु मंदिर के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे कटंगी क्षेत्र के विधायक गौरव पारधी ने कहां की मेरी जानकारी के मुताबिक मध्य प्रदेश में सिर्फकटंगी विधानसभा सरस्वती शिशु मंदिर से वंचित थी आज एक नहीं दो विद्यालय बन गए हैं आज अगासी का लोकार्पण हुआ है कल 17 जून को कटंगी सरस्वती विद्यालय का लोकार्पण होगा उनके द्वारा आगासी में सहयोग के लिए भूमि दानदाता तुरकर परिवार और कटंगी में सहयोग के लिए चौधरी परिवार को धन्यवाद दिया है और कहा है कि दो विद्यालय तो बन गए और एक बनने वाला है जिसकी भी तैयारी पूरी हो चुकी है उन्होंने अपने उसे भजन में कहा कि राष्ट्रवाद की भूमिका को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे ही सरस्वती शिशु मंदिर की जरूरत है विद्या भारती परिवार अगासी कटंगी की मांग पर उन्होंने कहा है कि इस स्थान पर आप लोगों का कहना है की मिनी स्टेडियम बनना चाहिए जो जरूर बनेगा हम लोग पूरा प्रयास करेंगे और उन्होंने कहा कि काफी लोगों के सहयोग से यह सरस्वती मंदिर तैयार हुआ

### हर घर करें सहयोग यहां विद्यालय नहीं मंदिर है.. आंनद राव पारधी

कार्यक्रम में उपस्थित विद्या भारती क्षेत्रीय संगठन मंत्री आनंद राव पारधी द्वारा कटंगी क्षेत्र के ग्राम अगासी और कटंगी नगर में बनी सरस्वती शिशु मंदिर की शुरुआत कैसे हुई किसका सहयोग रहा सब कुछ विस्तार से बताया और बताया कि यह विद्यालय नहीं मंदिर है अभी तो काम आता हुआ है अभी बहुत काम बाकी है आप सभी लोगों को और सहयोग करना है मैं चाहता हूं कि हर घर का व्यक्ति इस निर्माण में सहयोग करें राष्ट्र के निर्माण में सहयोग करें विद्यालय को मंदिर बनाना है आप सभी का सहयोग जरूरी है मंच पर उपस्थित जिले की सांसद और विधायक द्वारा भी सहयोग किया गया वहीं मंच उपस्थित अन्य अतिथियों का भी सहयोग रहा है वही कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विष्णु कांत ठाकुर और अध्यक्ष ग्राम भारती बालाघाट डॉक्टर सुनीता द्वारा भी कार्यक्रम को संबोधित किया गया वही काफी संख्या में विद्या भारती के प्रदेश संभाग जिला और कटंगी क्षेत्र के साथ ही कार्यकर्ता उपस्थित रहे

### स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन लोगों ने लिया लाभ

सरस्वती शिशु मंदिर के लोकार्पण समारोह के चलते स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है क्षेत्र के विधायक गौरव पारधी के अलावा अन्य उपस्थित जनों द्वारा रक्तदान किया गया दिव्यांगों को सामग्री वितरण की गई शिविर को संपन्न बनाने में स्वास्थ्य विभाग कटंगी का सहयोग रहा वहीं पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने ग्राम भारती अगासी के अलावा समस्त ग्राम वासियों का सहयोग रहा

## कटंगी में वर्षों पुरानी मांग पूरीः

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुजाता गेड़ाम की पदस्थापना..

### अब स्थानीय स्तर पर हो सकेंगे बड़े ऑपरेशन






जगप्रेरणा कटंगी (बालाघाट)।

***क्षेत्रीय जनता के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर है। कटंगी नगर के 'वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र' में वर्षों से चली आ रही महिला चिकित्सक (गायनिक) की कमी अब दूर हो गई है।***

अस्पताल में नवनियुक्त महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुजाता गेड़ाम अपनी सेवाएं देना शुरू करेंगी। इस महत्वपूर्ण पदस्थापना से क्षेत्र की महिलाओं को अब गंभीर बीमारियों और प्रसव संबंधी जटिलताओं के इलाज के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

कटंगी क्षेत्र में लंबे समय से एक स्थाई महिला डॉक्टर की मांग की जा रही थी। पूर्व में पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं न होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जनता की इस बेहद जरूरी मांग को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी ने शासन और प्रशासन स्तर पर लगातार प्रयास किए। विधायक पारधी की इसी सक्रिय पहल और दूरगामी सोच के चलते शासन द्वारा डॉ. सुजाता गेड़ाम की नियुक्ति कटंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में की गई है। विधायक के इस प्रयास की क्षेत्र में चौतरफा सराहना हो रही है।

### बालाघाट और नागपुर जाने की मजबूरी से मिलेगी मुक्ति

गायनिक डॉक्टर न होने के कारण अब तक कटंगी और आसपास के ग्रामीण अंचलों की गर्भवती महिलाओं को सामान्य से थोड़ी भी गंभीर स्थिति होने पर जिला मुख्यालय बालाघाट या फिर पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के नागपुर रेफर कर दिया जाता था। इससे न केवल गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता था, बल्कि आपातकालीन स्थिति में सफर के दौरान मरीजों की जान का जोखिम भी बना रहता था। अब डॉ. सुजाता गेड़ाम की पदस्थापना के बाद प्रसूति (डिलीवरी) और महिलाओं से जुड़े अन्य बड़े ऑपरेशन स्थानीय स्तर पर ही सुचारू रूप से हो सकेंगे।

### जनता में हर्ष की लहर

अस्पताल को सर्वसुविधायुक्त बनाने की दिशा में मिले इस बड़े तोहफे से कटंगी नगर सहित समूचे क्षेत्र के नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों में भारी हर्ष व्याप्त है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र में गायनिक विशेषज्ञ के आने से क्षेत्र की हजारों महिलाओं को सीधे तौर पर नया जीवनदान मिलेगा और समय पर इलाज संभव हो सकेगा। लोगों ने स्वास्थ्य सुविधाओं में हुए इस बड़े सुधार के लिए विधायक गौरव सिंह पारधी और स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि इस नियुक्ति से चिकित्सालय की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में और अधिक सुधार आएगा।

# निर्माणाधीन घोटी पूल व कनेक्टिवीटी सडक कार्य का पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने अधिकारीयो के साथ किया निरिक्षण

### ग्राम से निकलने वाली साढे पांच मीटर चैडी सडक से ग्रामीणो को हो रही दिक्कत, बायपास मार्ग का भी दिया गया समाधान





जगप्रेरणा वारासिवनी।

मध्यप्रदेश से महाराष्ट राज्य को जोडने वाले बैनंगगा नदी पर जिले के सबसे बडे निर्माणाधीन घोटी धापेवाडा पुल का निरिक्षण आज अधिकारीयो के साथ कर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कनेक्टिवीटी सडक मार्ग की तकनीकी दिक्कत को दूर करने का प्रयास किया। गौरतलब है की इस विशालकाय पूल का कार्य जून 2027 तक पूर्ण होने की खुशी अभी से दोनो राज्यो के सीमावर्ती ग्राम मे नजर आने लगी है।

### पूर्व मंत्री के प्रयासो से पूल निर्माण के लिये 40 करोड की राशी हुयी है स्वीक्रत..

पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के प्रयासो से मप्र शासन से पहले जिले के सबसे बडे घोटी पूल के लिये 40 करोड की राशी स्वीक्रत हुयी थी। पश्चात पुल को जोडने की दिशा मे ग्रामीण सडक से जिला सडक मे मद परिवर्तन कराकर डोंगरमाली से घोटी साढे पांच मीटर सडक का निर्माण कार्य भी तीव्र गति से शुरू करा दिया गया है।

### लोक निर्माण व सेतू विभाग के अधिकारी रहे साथ मे..

आज दोनो निर्माणाधीन कार्यो के निरिक्षण के समय पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ लोक निर्माण विभाग के एसडीओ सिद्वार्थ जैन, पूल विभाग के उपयंत्री राकेश कुमरे, नरेन्द्र ठकरेले सरपंच, डा दशरथ कावडे, सुरेश दमाहे, शिवकुमार बडगे, शांतिलाल सुलाखे, दिनेश लिल्हारे, इंद्रकुमार खजरे, शंकर कावरे, श्रवण खरे, उमेश देवाहे, डोमन नगपुरे, टेकराम उपवंशी, युवराज कावरे, देवी ठकरेले, महेन्द्र उके, युगेश कावडे आदि साथ भी रहे।

### कनेक्टिवीटी सडक को जिला मद मे किया गया है परिवर्तीत..

इस अवसर पर मिडिया के सवालो पर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की सबसे बडे पुल के लिये मप्र शासन से 40 करोड की राशी से स्वीक्रत के पश्चात हमने ग्रामीण सडक का जिला सडक मे मद परिवर्तन कराकर 14 करोड की अतिरिक्त राशी से साढे मीटर चैडी सडक डोंगरमाली से घोटी पूल तक निर्माण कार्य शुरू करा दिया है।

### मप्र व महाराष्ट राज्य के जुडने की लगभग 25 पंचायतो मे दिख रही है खुशिंया..

विशाल पूल का कार्य तीव्र गति से शुरू है। जिसे जून 2027 तक पूर्ण होने की उम्मीद है। इस पुल पर आवागमन शुरू हो जाने के बाद मप्र और महाराष्ट राज्य के बीच व्यापारिक, मेडिकल सहित अन्य सुविधाये जंहा बडेगी। वही किसानो, विधार्थीयो, सब्जी व दूध विक्रेताओ को भी सीधा लाभ मिलते नजर आने लगेगा। साथ ही सभी विषयो मे अनेको सुविधाओ के बढने से विकास के नये आयाम भी सामने आने लगेगे। इस पुल के बनने की जितनी खुशी घोटी ग्रम पंचायत सहित निकट की 25 पंचायतो मे है। उतनी ही प्रसन्नता महाराष्ट के दूसरे छोर की दर्जनो पंचायतो मे भी देखी जा रही है।

### ग्रामीणो की दिक्कत को समझते हुये किया गया निरिक्षण..

पूल से सडक की कनेक्टिवीटी की दिक्कत पर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की घोटी एक बडी पंचायत है। जिसकी जनसंख्या 6000 हजार से अधिक है। और कनेक्टिवीटी सडक की चैडाई साढे पांच मीटर और नाली होने से ग्राम के बीच से यह सडक निकलने से ग्रामीणो के मकान आने से दिक्कत सामने आयी है। जिसके समाधान के लिये आज अनेको विभाग के अधिकारीयो के साथ निरिक्षण किया गया है।

### बायपास मार्ग भी हो सकता है एक समाधान..

श्री जायसवाल के अनुसार हमारी सोच है की सडक की चैडाई कही से कम न हो। साथ ही ग्राम से सडक जाने के कारण ग्रामीणो के मकानो मे किसी भी प्रकार की आंच भी नही आये। इसलिये घोटी पूल तक बायपास मार्ग का समाधान भी आज घोटी के सरपंच और स्थानीय ग्रामीणो ने निरिक्षण टीम के समक्ष रखा है। हम जल्द विभागो के अधिकारीयो के साथ पुरे विषय की समीक्षा कर उचित समाधान निकालने का प्रयास करेगें।

### ग्राम के बीच से पुल तक बडते यातायात की भी की गयी चिंता..

एक अन्य सवाल पर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने जानकारी देते हुये बताया की हमे इस विषय मे भी गंभीरता से सोचना है की क्या पुरानी बसाहट वाले घोटी ग्राम के बीच से पूल तक मनमानी ट्रेफिक निकालना उचित होंगा? श्री जायसवाल के अनुसार घोटी किनारे का ग्राम है। जिस तरह घर के पीछे दरवाजा या खिडकी नही होने से घूंटन होती है। उसी तरह हमने घोटी पूल बनाकर क्षेत्र के विकास के दरवाजे को खोलने का कार्य किया है।

### सरपंच ने कहा पूर्व मंत्री से है न्यायोचित समाधान की उम्मीद

दूसरी ओर नरेन्द्र ठकरेले सरपंच ने बताया की कार्य एंजेसी ने सडक निर्माण मे ग्राम के अनेको मकानो के भीतर तक के हिस्से मे लाल निशान लगा दिया है। इसलिये हमने आज पूल व सडक निर्माण कराने वाले पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के आमंत्रित कर ग्रामीण भावना से अवगत करा दिया है। हमारी सोच बायपास समाधान की ओर भी जा रही है। हमे उम्मीद है की गुडडा भैया व अधिकारीयो की टीम जो भी निर्णय इस विषय मे लेगी वह सभी जनहित मे ही होंगा।



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800




# जग प्रेरणा live शहर बालाघाट


● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई



मान्यता ऑटो पार्ट्स



सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

Hero BAJAJ HONDA TVS

मनीष वर्मा
मो. 9425448126

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


### भव्य मोटर सायकिल रैली, एवं सामाजिक मिलन कार्यक्रम के साथ

## बालाघाट में राजपूत क्षत्रिय सभा द्वारा धुमधाम से मनाई गई वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिला राजपूत क्षत्रिय सभा, बालाघाट द्वारा ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की तृतीय तिथि अनुसार 17 जून को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती धुमधाम से सामाजिक मिलन समारोह, प्रतिभा सम्मान एवं भव्य वाहन-बाइक रैली के आयोजन के साथ श्री महाराणा प्रताप राजपूत समाज भवन मोतीनगर में धुमधाम से मनाई गई।***













आयोजित कार्यक्रम में दोपहर को संपन्न हुए मंचीय कार्यक्रम में प्रमुख रुप से भूमि दानदाता पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत किरनापुर के अध्यक्ष कल्याण सिंह राणा, उत्पान सिंह ठाकुर एवं अन्य समाज वरिष्ठ प्रमुख रुप से उपस्थित थे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राजपूत क्षत्रिय सभा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा ने की।

समारोह में अतिथियों के उद्‌बोधन के उपरांत श्री राणा हनुमान सिंह फाऊंडेशन की ओर से 10 वीं एवं 12 वी के प्रतिभावान बच्चों का पुररुकृत किया गया, वहीं शाम 5 बजे भव्य बाईक रैली निकाली गई, तथा शाम 5.30 बजे महाराणा प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिये श्री राजपूत क्षत्रिय सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में श्री राजपूत क्षत्रिय सभा के संगठन मंत्री मुकेश सिंह चौहान, जिला सचिव यशवंत सिंह बैस, जिला कोषाध्यक्ष संजय सिंह चंदेल, जिला महामंत्री श्री सुरजीत सिंह ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीमती मधुदेवी राठौर एवं युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सुशील सिंह ठाकुर सहित जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारीयों व सदस्यों ने अथक परिश्रम किया।

## बहुचर्चित डबल मनी मामले में 2 आरोपियों को 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 9-9 लाख जुर्माने की सजा..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***विद्वान न्यायाधीश विहित न्यायालय (बड्स एक्ट)-2019 श्रीमान दीपनारायण सिंह, जिला बालाघाट ने न्यायालय के विशेष प्रकरण क्र0 117/2023, थाना कोतवाली के अप0क्र0 198/2023 में आरोपीगण 1. सौरभ हलकरे पिता गजेन्द्र हलकरे, उम्र 24 वर्ष, 2. विकास हलकरे पिता गजेन्द्र हलकरे, उम्र 26 वर्ष दोनों आरोपीगण हॉल मुकाम-वार्ड नं. 19 जमुना मंदिर के आगे कोसमी बालाघाट***



को धारा 21(3) अविनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम-2019 में 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 7,00,000-7,00,000/-रू अर्थदंड, धारा 420 भादवि में 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1,00,000-1,00,000/-रू अर्थदंड तथा धारा 120बी भादवि में 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1,00,000-1,00,000/-रू अर्थदंड से दंडित किया गया। श्री कपिल कुमार डहेरिया, सहायक संचालक/विशेष लोक अभियोजक, बालाघाट द्वारा प्रकरण में सशक्त पैरवी की गई। श्री कपिल कुमार डहेरिया सहायक संचालक (अभियोजन) ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि - घटना दिनांक 19.03.2022 से 12.05.2023 के मध्य की है। आरोपी सौरभ व उसका भाई विकास हलकरे दोनों निवासी कोसमी बालाघाट सरदार पटेल कॉलेज गायखुरी रोड, बालाघाट पर रूपये डबल करने की योजना संचालित कर रहे थे, वे लोग लोगों को 4 माह में रूपये दुगुना करने का लालच देकर उनसे रूपये लेते थे और जमा की गई राशि का दुगुनी राशि का चेक बतौर पावती देते थे और कहते थे कि मैच्यूरीटी डेट पर रूपये लेने हमारे ऑफिस आ जाना और चेक हमारे पास जमा कर अपनी दुगुनी रकम लेकर चले जाना।

उनकी बातों में आकर लगभग 49 व्यक्तियों ने उनके पास रूपये जमा किये थे जिसमें से प्रार्थी सहित कुल राशि 47,50,000/-रूपये( सैंतालीस लाख पचास हजार रूपये) जमा किए तथा दोनों ने उनके साथ धोखाधडी कर उन्हें पैसे नहीं लोटाया, जिसके आधार पर फरियादी की सूचना पर दोनों आरापियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 198/23 पर धारा 420, 120बी, 34 भादवि 21(1), 21(2), 21(3) अविनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम-2019 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई। प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना उपरांत अभियुक्तगणों के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। माननीय न्यायालय ने विचारण उपरांत प्रकरण में आयी सकारात्मक साक्ष्य के आधार पर उक्त दोनों अभियुक्तगणों को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया।

## राजा भोज पर टिप्पणी के विरोध में पंवार समाज का प्रदर्शन आज, सर्वसमाज से समर्थन की अपील..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***पंवार समाज जिला बालाघाट ने कुलश्रेष्ठ चक्रवर्ती सम्राट राजा भोज जी के संबंध में पूर्व सांसद कंकर मुंजारे द्वारा की गई कथित अव्यवहारिक टिप्पणी के विरोध में 18 जून को जिला स्तरीय विरोध कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है। समाज ने इस कार्यक्रम में सर्वसमाज से सहभागी बनने और समर्थन देने की अपील की है।***



पंवार समाज जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन एवं समाज की प्रबंध समिति ने संयुक्त रूप से जारी अपील में कहा है कि पूर्व सांसद की टिप्पणी से पंवार समाज सहित देशभर के समाजजनों की भावनाएं आहत हुई हैं, जिसके चलते व्यापक आक्रोश का वातावरण निर्मित हुआ है। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि 18 जून को पंवार समाज के लोग एकजुट होकर बालाघाट में जिला कलेक्टर के माध्यम से शासन के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन के माध्यम से सम्राट राजा भोज के प्रति की गई टिप्पणी पर उचित कार्रवाई की मांग की जाएगी। जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट राजा भोज केवल पंवार समाज ही नहीं, बल्कि समस्त समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने अपने शासनकाल में सभी वर्गों और समुदायों के उत्थान के लिए कार्य किए। शिक्षा, साहित्य, संस्कृति एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उनके योगदान को इतिहास आज भी सम्मानपूर्वक याद करता है। पंवार समाज ने सभी सामाजिक, धार्मिक एवं जनप्रतिनिधि संगठनों से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर सम्राट राजा भोज के सम्मान एवं सामाजिक एकता के पक्ष में अपना समर्थन प्रदान करें। समाज का कहना है कि यह केवल एक समाज की भावना का विषय नहीं, बल्कि देश की गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत और महान व्यक्तित्वों के सम्मान से जुड़ा हुआ विषय है।

## बालाघाट में फिर एक युवक का फांसी पर लटका मिला शव, परिवार सदमे में..

### मृतक बिजली कॉन्ट्रेक्टर तामेन्द्र का जन्मदिन भी था जब लगाई फांसी, गले पर अन्य निशान मिलने से मामला संदिग्ध



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट शहर में विगत दिनों से लगातार युवाओं के फांसी पर लटककर आत्महत्या के मामले सामने आ रहे हैं। लगातार आते ऐसे ही मामलों के बीच फिर बुधवार 17 जून को शहर के बुढ़ी क्षेत्र में बुधवार को एक बिजली कांट्रेक्टर का शव उसके कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के गले पर फांसी के निशान के अलावा अन्य घेरेनुमा निशान भी पाए गए हैं, जिससे मामले को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।***



जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान तामेन्द्र पटले के रूप में हुई है। सबसे पहले उसकी महिला मित्र ने कमरे में उसका शव फांसी पर लटका देखा। इसके बाद उसने रायपुर में रहने वाली तामेन्द्र की बहन अनुसुईया बिसेन को फोन कर घटना की सूचना दी। बहन ने अपने पिता सेखलाल पटले को इसकी जानकारी दी।

सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल चौकी पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि बुधवार को ही तामेन्द्र का जन्मदिन था। ऐसे में जन्मदिन के दिन हुई इस घटना ने परिजनों और परिचितों को गहरे सदमे में डाल दिया है। परिजनों का कहना है कि तामेन्द्र एक युवती से प्रेम करता था और वे दोनों के विवाह के लिए भी तैयार थे। मृतक के पिता सेखलाल पटले, निवासी बबरियाटोला, थाना लालबर्रा, ने बताया कि उन्हें बड़ी बेटी के माध्यम से बेटे द्वारा फांसी लगाने की सूचना मिली थी। वहीं बहन अनुसुईया बिसेन ने बताया कि उन्हें संबंधित युवती का फोन आया था, जिसमें उसने राज नाम से पुकारे जाने वाले तामेन्द्र के फांसी लगाने की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मृतक के गले पर फांसी के फंदे के निशान के अलावा अन्य घेरेनुमा निशान भी दिखाई दिए हैं। इस कारण मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। अस्पताल चौकी पुलिस ने मामले में शून्य पर मर्ग कायम कर डायरी कोतवाली थाना भेज दी है। अब कोतवाली पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## ग्राम पंचायत भरवेली में अब उर्मिला मालेश बनी सरपंच, निर्विरोध संपन्न हुआ चुनाव..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जनपद पंचायत बालाघाट अंतर्गत ग्राम पंचायत भरवेली में पूर्व सरपंच गीता अनिल बिसेन को अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से पद से पृथक कर दिये जाने के बाद आज 17 जून दिन बुधवार को सरपंच पद पर विधिवत चुनाव***



संपन्न हुआ, जिसमें श्रीमती उर्मिला मालेश को सर्व सम्मति से ग्राम पंचायत भरवेली का नया सरपंच निर्वाचित घोषित किया गया। सरपंच पद के लिए केवल उर्मिला मालेश का ही नाम सामने आया, जिस पर पंचायत के सभी 20 पंचों ने सहमति जताते हुए उन्हें निर्विरोध सरपंच चुन लिया। निर्वाचन प्रक्रिया जनपद पंचायत के समन्वयक अधिकारी श्रीवास्तव के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस दौरान पंचायत समन्वय अधिकारी (पीसीओ), सचिव दिलीप मोहबे सहित पंचायत के कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा होते ही भरवेली में उत्सव जैसा माहौल बन गया। पंचायत भवन के बाहर समर्थकों ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इसके बाद नवनिर्वाचित सरपंच उर्मिला मालेश के नेतृत्व में गांव में विजय रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, पंच एवं समर्थक शामिल हुए।

### विकास कार्यो को मिलेगी प्राथमिकता

निर्वाचन के बाद उर्मिला मालेश ने सभी पंचों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। पंचायत के अधूरे विकास कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत के सभी पंचों को साथ लेकर विकास की नई दिशा तय की जाएगी और ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया जाएगा।

### मायल प्रबंधन देगा सहयोग : अमीन खान

वार्ड क्रमांक 10 के पंच अमीन खान ने बताया कि पंचायत की प्राथमिकता विकास कार्यों को गति देना है। बरसात को देखते हुए साफ सफाई और जल निकासी की बेहतर व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को लेकर मायल प्रबंधन से चर्चा हो चुकी है और प्रबंधन ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया है।

### पूर्व कार्यकाल की होगी समीक्षा

पंच मालती शाहू ने कहा कि पूर्व सरपंच के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों और खर्चों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार सामने आता है तो नियमानुसार संबंधित विभाग को अवगत कराकर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

6 गुरुवार 18 जून 2026



जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



## मकाऊ ओपनः अनमोल, रक्षिता और श्रियांशी अगले दौर में..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अनमोल खराब ने महिला एकल में सीधे गेम में जीत दर्ज कर शानदार शुरूआत की जिससे तीन भारतीय महिला खिलाड़ी बुधवार को यहां मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं।***



पिछले महीने डेनमार्क चैलेंज के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाली आठवीं वरीयता प्राप्त अनमोल ने शानदार खेल दिखाया। उन्होंने इंडोनेशिया की मुतियारा आयु पुस्पितासारी को महज 42 मिनट में 21-13, 21-16 से हराकर अंतिम 16 राउंड में अपनी जगह पक्की की।

दुनिया की 51वें नंबर की 19 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी का सामना अब मलेशिया की गोह जिन वेई से होगा। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी रक्षिता श्री रामराज ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए मलेशिया की किसोना सेल्वादुरय को 46 मिनट में 21-16, 24-22 से शिकस्त दी

और अब प्री-क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला दक्षिण कोरिया की किम मिन सन से होगा। सातवीं वरीय और दुनिया की 49वें नंबर की खिलाड़ी श्रियांशी वालिसेट्टी ने हमवतन तस्नीम मीर के खिलाफ 56 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 21-18, 19-21, 21-15 से जीत दर्ज की। अब उनकी भिड़ंत दक्षिण कोरिया की किम मिन जी से होगी।

श्रेया लेले का सफर यहीं खत्म हो गया जिन्हें चीन की चौथी वरीय हान कियान शी से 34 मिनट में 12-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण कोरिया की किम मिन जी के खिलाफ जोरदार टक्कर देने के बावजूद आकर्षी कश्यप भी 17-21, 21-18, 17-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। पुरुष एकल में रौनक चौहान ने एक गेम हारने के बाद वापसी करते हुए चीनी ताइपे के वू झे यिंग को एक घंटे पांच मिनट में 18-21, 21-15, 21-19 से शिकस्त दी। हालांकि एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके और चीनी ताइपे के हुआंग पिंग-ह्सियन से एक घंटे चार मिनट में 21-11, 18-21, 16-21 से हार गए। मिश्रित युगल में भारत के लिए मिला-जुला नतीजा रहा। ईशान भटनागर और श्रुति मिश्रा ने जर्मनी के केल्विन डेवेरेक्स और डेसिरी टोप्फर को महज 16 मिनट में 21-4, 21-6 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका मुकाबला चीन के ली होंग यी और हुआंग के जिन की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा। मोहित जागलान

और लक्षिता जागलान को मलेशिया के लो हान चेन और चान वेन त्से से 9-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। आठवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव रावत और मनीषा के को दक्षिण कोरिया के सोंग ह्यून चो और जियोंग ना यून से 22-24, 18-21 से पराजय मिली जबकि सात्विक रेड्डी कनपुरम और राधिका शर्मा को थाईलैंड के सुपैक जोमकोह और ओर्ननिचा जोंगसाथपॉर्नपार्न से 10-21, 19-21 से शिकस्त मिली। रोहित मोहनकुमार और रिदुवर्षिनी रामासामी भी चीन के झू यी जून और ली कियान की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 9-21, 11-21 से हारकर बाहर हो गए।

## मौत से पहले किस हाल में थी संचिता उगले, पारस मदान के खुलासे ने बढ़ाई चिंता, उज्ज्वल शर्मा पर फूटा गुस्सा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***संचिता उगाले की आत्महत्या मामले पर हर दिन नया अपडेट सामने आ रहा है। 22 साल की इस एक्ट्रेस ने 14 जून 2026 को नालासोपारा में अपने घर पर आत्महत्या कर ली थी***

और पुलिस अभी इसके पीछे की वजह का पता लगाने के लिए जांच में जुटी हुई है। इस बीच इंडस्ट्री में उनके करीबी लोग एक्ट्रेस की जिंदगी से जुड़ी कुछ परेशान करने वाली घटना भी शेयर कर रहे हैं। अब एक्टर पारस मदान ने बताया है कि संचिता अपने शो 'साजन घर' के को-एक्टर उज्ज्वल शर्मा की बातों से बहुत परेशान थी और इस वजह से वह खाना भी नहीं खा पा रही थी।

### संचिता उगाले ने मौत से पहले छोड़ दिया था खाना..

संचिता उगाले और एक्टर पारस मदान बहुत अच्छे दोस्त हैं, जिनके साथ उन्होंने कई प्रोजेक्ट्स में काम किया था। 'टेली चक्कर' के साथ एक इंटरव्यू में पारस ने संचिता के बारे में बात करते हुए बताया कि एक्ट्रेस का मन ठीक नहीं था और उनमें एनर्जी की भी बहुत कमी थी।



उसी बातचीत में पारस ने बताया कि संचिता ठीक से खाना नहीं खा रही थी और उनका वजन भी बढ़ गया था। पारस ने इस बात पर भी जोर दिया कि संचिता अपना ध्यान नहीं रख रही थी और हर चीज में उनकी दिलचस्पी खत्म हो गई थी। उनका किसी से बात करने का मन भी नहीं होता था। शूट पर उनकी मां भी उनके साथ जाती थी और जब भी उन्होंने इस मामले पर बात करने की कोशिश की तो उन्होंने इस पर बात करने से इनकार कर दिया।

### संचिता उगाले हुई थी बॉडी शेम का शिकार..

इंटरव्यू में आगे पारस ने बताया कि 'साजन घर' के उनके को-एक्टर उज्ज्वल शर्मा की बातों ने ही दिवंगत एक्ट्रेस को परेशान किया था। उज्ज्वल शर्मा द्वारा बॉडी शेम किए जाने के बाद संचिता का कॉन्फिडेंस टूट गया था और इसका उन पर गहरा असर पड़ा था। इस बारे में पारस ने कहाः

### संचिता उगाले की मौत कैसे हुई?..

संचिता मुंबई के नालासोपारा इलाके में अपने माता-पिता और बहन के साथ रहती थी। अचोले पुलिस स्टेशन के असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर विनोद बाग के अनुसार संचिता ने साईं संतोषी बिल्डिंग में अपने घर के बेडरूम में खुद को बंद कर लिया था और शाम 7 बजे से 7:30 बजे के बीच साड़ी से छत के पंखे से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। बता दें कि मौके पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन संचिता के फैंस का कहना है कि वह इतनी जिंदादिल थी कि आत्महत्या जैसा बड़ा कदम नहीं उठा सकती थी।

## समय रैना अब कपिल शर्मा को देंगे टक्कर? नेटफ्लिक्स पर आ रहा 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2', एक पोस्ट से बढ़ाई फैंस की एक्साइटमेंट..

डेस्क जगप्रेरणा।

***स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना 2025 में अपने शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर खूब चर्चा में रहे। रणवीर अल्लाहबादिया के एक स्टेटमेंट के बाद देखते ही देखते ये शो और खुद समय रैना विवादों में घिर गए।***



शो के चलते समय रैना के खिलाफ एफआईआर तक दर्ज हो गईं। जिसके बाद समय रैना ने इस शो के विवादित एपिसोड के साथ-साथ सभी एपिसोड्स डिलीट कर दिए। इस कलेश को अब 1 साल से ज्यादा का समय हो गया है और अब समय भी दर्शकों के बीच वापसी की तैयारी में जुट गए हैं।

जी हां, समय रैना 'इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 2' के साथ दर्शकों के बीच वापसी कर रहे हैं, लेकिन इस बार उनका शो यूट्यूब पर नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आने की संभावना है।

### अनोखे अंदाज में किया सीजन 2 का ऐलान..

नेटफ्लिक्स इंडिया ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर मजेदार पोस्ट साझा किया और समय रैना के कॉमेडी और टैलेंट शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के दूसरे सीजन के बारे में जानकारी दी। यह शो, जो पहली बार पिछले साल फरवरी में **YouTube** पर आया था, अब दूसरे सीज़न के लिए रिन्यू हो गया है और इसे इस बार ओटीटी प्लेटफॉर्म **Netflix** पर स्ट्रीम किया जा सकता है। जैसे ही समय रैना और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने शो से संबंधित नया पोस्ट शेयर किया है, जिस पर आम यूजर्स के साथ-साथ कई सेलेब्स ने भी प्रतिक्रिया दी है।

### ह्मइंडियाज गॉट लेटेंट 2' को नींबू-मिर्च की जरूरत..

नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया पर 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में नजर आने वाले बॉडीगार्ड की तस्वीर शेयर की, जिसके साथ कैप्शन में लिखा- 'कमेट में नींबू-मिर्च ड्रॉप करें, हमें इसकी जरूरत पड़ने वाली है।' इस पोस्ट पर आशीष चंचलानी, हर्ष लिंबाचिया, रैपर रफ्तार, बशीर अली और कॉमेडियन राजीव ठाकुर सहित कई सोशल मीडिया यूजर्स ने प्रतिक्रिया दी है। अब तक इस इंस्टाग्राम पोस्ट पर 6,19,000 से ज्यादा लाइक्स और 29,000 से ज्यादा कमेंट्स आ चुके हैं।

### क्या कपिल शर्मा से होगी टक्कर?

इस पोस्ट के सामने आते ही अब ये सवाल भी उठने लगे हैं कि क्या अब समय रैना, कॉमेडी किंग कपिल शर्मा से टक्कर लेने वाले हैं, क्योंकि उनका शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' भी नेटफ्लिक्स पर ही स्ट्रीम होता है और टॉप ट्रेंडिंग में अपनी जगह बनाए रहता है। ऐसे में कई यूजर्स ने कमेंट करते हुए ये सवाल उठाया है।

पिछले दिनों समय रैना, कपिल शर्मा के शो में भी पहुंचे थे और इस दौरान उनके साथ रणवीर अल्लाहबादिया भी मौजूद थे। बता दें, समय रैना ने अपने स्टैंड-अप स्पेशल 'स्टिल अलाइव' के दौरान अपने पॉपुलर शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के दूसरे सीजन की घोषणा की थी। हालांकि, 'इंडियाज़ गॉट लेटेंट 2' की रिलीज डेट और समय के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है।

### 'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद के बारे में सब कुछ..

समय रैना के कॉमेडी टैलेंट शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद की बात करें तो इसकी शुरुआत तब हुई जब पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया (जिन्हें बीयरबाइसेप्स के नाम से भी जाना जाता है) ने शो के एक एपिसोड में माता-पिता को लेकर एक अनुचित टिप्पणी कर दी। उनकी इस टिप्पणी की ऑनलाइन काफी आलोचना हुई, जिसके कारण इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कई **FIR** दर्ज हो गई और समय रैना को वीडियो प्लेटफॉर्म से शो के सभी एपिसोड हटाने पड़े।

## 'करमचंद' की 'किट्टी' 61 की उम्र में भी रहती हैं अकेली, पति-बच्चों से दूरी पर बोलीं सुष्मिता मुखर्जी- 'मैं दुखियारी नहीं'..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता मुखर्जी 61 साल की हो चुकी हैं और इस उम्र में भी वह अकेले जिंदगीं गुजार रही हैं। ऐसी कई हेडलाइंस पिछले कुछ समय में देखने को मिली हैं। और इन्हें इस तरह से पेश किया जाता है जैसे वह एक दुखियारी महिला हैं,***



जिन्हें उनके अपनों ने उम्र के इस पड़ाव पर अकेला छोड़ दिया है। लेकिन, अब सुष्मिता मुखर्जी ने खुद इन खबरों पर प्रतिक्रिया दी है और बताया है कि आखिर वह इस उम्र में अकेली क्यों रह रही हैं। दिग्गज अभिनेत्री ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है,

जिसमें उन्होंने अपने अकेले रहने की वजह पर बात की और साफ किया कि वह किसी मजबूरी के चलते अकेली नहीं रह रहीं, बल्कि अपनी खुशी से अकेली रह रही हैं।

### सुष्मिता मुखर्जी ने जारी किया वीडियो..

सुष्मिता मुखर्जी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपने अकेले रहने के फैसले पर खुलकर बात की। अभिनेत्री अपने वीडियो में कहती हैं- 'तो ये बातचीत इस बारे में है कि मैं अकेली क्यों रहती हूं और मैं अकेले रहकर खुश क्यों हूं। मैं कोई दुखियारी महिला नहीं हूं, जिसे उसके परिवार ने बूढ़ी औरत समझकर अकेला छोड़ दिया। वैसे तो मैं अपनी पर्सनल लाइफके बारे में बात करने वालों में से नहीं हूं, लेकिन फिर भी बता देती हूं।'

### दिल्ली में पली-बढ़ी हैं सुष्मिता मुखर्जी..

सुष्मिता मुखर्जी अपने वीडियो में आगे कहती हैं- 'मैं दिल्ली में जॉइंट फैमिली में पली-बढ़ी हूं और मेरा परिवार बहुत ही सपोर्टिव और प्यारा था। मुझे परिवार के साथ रहना पसंद है। फिर मेरी जिंदगी में कुछ हादसे हुए, जिसने मुझे दुख पहुंचाया और उसके बाद मुझे मेरे पति मिले, जिन्होंने मुझे बहुत प्यार दिया।

वो सब दिया, जो मुझे हमेशा से चाहिए था। मुझे बचपन से, हमेशा से परिवार चाहिए था। मैं दिल से वर्किंग वुमन नहीं हूं, मेरी प्रयॉरिटी हमेशा फैमिली रही है और दोनों बच्चों को पाल-पोसकर बड़ा किया और मैंने पूरी कोशिश की कि सबको खुश रख सकूं, ससुराल पक्ष, मायका जो भी मेरे आसपास थे, मैंने सबको खुश रखने की कोशिश की।'

### किसी पर निर्भर नहीं, खुश रहना चाहिए- सुष्मिता मुखर्जी..

'मेरे परिवार में सबको पता है कि मेरे लिए परिवार पहले आता है। लेकिन, अब बच्चे बड़े हो गए, चले गए। उनकी स्टोरी मैं शायद आपसे बाद में शेयर करूं। अब मैं और मेरे पति अब हम दोनों ने ऐसा तय कर लिया है, ओरछा (मध्य प्रदेश) में हमारा एक रहवास है।

हम दोनों ने 2010 में वो संस्था शुरू की थी और वहां हम आर्ट-क्राफ्ट पर काम करते हैं। मेरे पति वहीं रहते हैं और जब उनका काम होता है तो वो मुंबई आते हैं। जब मुझे मुंबई में काम नहीं होता, मैं ओरछा चली जाती हूं और हम साथ काम करते हैं। वानप्रस्थ में अब सोसाइटी के लिए कुछ करने का मन करता है। ये मेरी सोच है, बहुत से लोग साथ रहने में खुश रहते हैं।

मैंने देखा है कि कई लोग साथ रहते हुए भी खुश नहीं रहते, मन ही मन में डरे होते हैं, साइड अफेयर्स होते हैं। तो मुझे लगता है कि लिव अलोन, लिव हैप्पी। मैं बस इस उम्र में औरतों को यही कहना चाहती हूं कि योग करें, खुद को फिट रखें। मैं वेट लिफ्टिंग करती हूं, हमें किसी पर निर्भर नहीं, बस खुश रहने की जरूरत है।'

### सुष्मिता मुखर्जी का करियर..

बता दें, सुष्मिता मुखर्जी ने टीवी और फिल्म जगत में काफी काम किया है और सपोर्टिंग रोल्स से सुर्खियां बटोरी हैं। उनकी यादगार फिल्मों की बात करें तो वह 'गोलमाल', 'दिल्लगी', 'किंग अंकल', 'खलनायक', 'घर जमाई', 'बत्ती गुल मीटर चालू', 'जरा हटके जरा बचके' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। वहीं दूरदर्शन पर आए शो 'करमचंद' में उनका किट्टी का किरदार काफी पसंद किया गया था।

## खतरों के खिलाड़ी 15 में हर स्टंट होगा 100% रियल, रोहित शेट्टी ने बताया कैसे होती है कंटेस्टेंट्स की सुरक्षा, बताए सेफ्टी रूल्स..

डेस्क जगप्रेरणा।

***रोहित शेट्टी और उनकी टीम 'खतरों के खिलाड़ी 15' की रिलीज की तैयारी जोरों-शोरों से कर रही है। प्रीमियर रिलीज डेट का ऐलान करने से पहले शो के होस्ट ने एक वीडियो शेयर किया,***



जिसमें स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो की शूटिंग के दौरान बरती गई सुरक्षा सावधानियों को बेहतरीन तारीके से दिखाया गया है। रोहित ने इस वीडियो के जरिए बताया कि स्टंट करते समय वे सभी सेफ्टी रूल्स अपनाते हैं और कंटेस्टेंट्स की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, टास्क के पहले खुद स्टंट सेटअप और गाड़ियों की जांच करते हुए देखा गया।

### खतरों के खिलाड़ी 15 का हर स्टंट होगा रियल..

रोहित शेट्टी ने यह वीडियो मजेदार कैप्शन के साथ अपलोड किया और लिखा 'स्क्रीन पर रोमांच, पर्दे के पीछे सुरक्षा... कोई कंप्यूटर ग्राफिक्स नहीं... कोई स्पेशल स्वङ्ग नहीं... बस रॉ और असली स्टंट... खतरों के खिलाड़ी की दुनिया में आपका स्वागत है।' इस वीडियो में रोहित स्टंट करने से पहले एक कार की बारीकी से जांच करते हुए दिख रहे हैं। इसके बाद वे एक कंटेस्टेंट को भरोसा दिलाते हुए कहते हैं, 'तुम सुरक्षित हो, पूरी तरह सुरक्षित हो।' इस क्लिप के जरिए होस्ट ने शो में दिखाए जाने वाले खतरनाक स्टंट्स को बिना एक्सपर्ट्स की देखरेख न करने को कहा।

### रोहित शेट्टी ने कंटेस्टेंट्स को दी खास सलाह..

वे कंटेस्टेंट को स्टंट से पहले ठीक से वार्म-अप करने की सलाह भी देते हैं और समझाते हैं कि कार के लैंड होने पर इसका असर सबसे ज्यादा गर्दन और पीठ पर पड़ेगा तो इस दौरान सावधान रहना होगा। अविनाश मिश्रा रोहित के निर्देशों को ध्यान से सुनते हुए दिख रहे हैं, जिसके बाद फिल्ममेकर उन्हें स्टीयरिंग व्हील को मजबूती से पकड़ने और टास्क के दौरान कोई भी हरकत न करने की सलाह देते हैं। किसी भी काम को करने से पहले हर तरह की सावधानी बरतने पर जोर देते हुए रोहित कहते हैंः


### रोहित शेट्टी ने सेफ्टी रूल्स पर की बात..

इसी वीडियो में रोहित शेट्टी आगे शो के एक स्टंट एक्सपर्ट के साथ कार की लैंडिंग से जुड़ी बारीकियों पर चर्चा करते हुए दिखाई देते हैं, जिससे यह पक्का किया जा सके कि सब कुछ प्लान के हिसाब से सही है या नहीं। रोहित वीडियो में आगे कहते हैंः

## मेसी ने फीफा वर्ल्ड कप में बनाया नया वर्ल्ड रिकॉर्ड, ऐसा करने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर..

डेस्क जगप्रेरणा।

***फुटबॉल की दुनिया में लियोनेल मेसी का नाम पहले ही महान खिलाड़ियों में शुमार है, लेकिन अब अर्जेंटीना के इस दिग्गज ने एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है,***



जिसे अब तक कोई भी खिलाड़ी नहीं कर पाया था। फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अल्जीरिया के खिलाफ मैदान पर उतरते ही मेसी ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम एक बार फिर सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा दिया। कंसास सिटी स्टेडियम में अल्जीरिया के खिलाफ मुकाबले में जैसे ही मेसी अर्जेंटीना की स्टार्टिंग इलेवन का हिस्सा बनकर मैदान पर उतरे।

इसके साथ ही वह 6 अलग-अलग फीफा वर्ल्ड कप खेलने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर बन गए। इसके साथ ही उन्होंने अर्जेंटीना के लिए अपना 200वां इंटरनेशनल मैच भी खेला, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है।

### मेसी ने दिग्गजों को छोड़ा पीछे..

अब तक जर्मनी के लोथार मैथाउस, मैक्सिको के राफेल मार्केज और आंद्रेस गार्डाडो, मेक्सिको के ही एंटोनियो कार्बाजाल और जर्मनी के मैनुएल नोयर जैसे दिग्गज पांच-पांच वर्ल्ड कप खेलने का रिकॉर्ड साझा कर रहे थे।

हालांकि, मेसी ने इन सभी को पीछे छोड़ते हुए अकेले इस ऐतिहासिक मुकाम पर कब्जा जमा लिया है। दिलचस्प बात यह है कि पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी इस वर्ल्ड कप में अपना छठा टूर्नामेंट खेलकर मेसी की बराबरी कर सकते हैं, लेकिन फिलहाल यह रिकॉर्ड सिर्फ अर्जेंटीना के कप्तान के नाम दर्ज है।

### 2022 में अर्जेंटीना को बनाया वर्ल्ड चैंपियन..

मेसी का फीफा वर्ल्ड कप सफर बेहद शानदार रहा है। उन्होंने 2022 कतर वर्ल्ड कप में सात गोल दागे थे और फाइनल में फ्रांस के खिलाफ दो गोल करके अर्जेंटीना को यादगार जीत दिलाई थी। पेनल्टी शूटआउट में भी उन्होंने अपनी टीम के लिए पहला सफल शॉट लगाया था। उसी जीत के साथ अर्जेंटीना ने 1986 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप ट्रॉफी अपने नाम की थी। अर्जेंटीना की ओर से खेलते हुए मेसी के इंटरनेशनल करियर पर नजर डालें तो उन्होंने अब तक 200 इंटरनेशनल मैचों में 118 गोल किए हैं और 64 गोल में असिस्ट की भूमिका निभाई है। वर्ल्ड कप में मेसी का रिकॉर्ड भी शानदार है। उन्होंने 27 मैचों में 14 गोल किए हैं और 8 असिस्ट अपने नाम किए हैं।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433





जग प्रेरणा

# साहित्य अभिव्यक्ति

■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## काम,क्रोध,लोभ,मोह और अहंकार पांच विकार बनाम आपदा में अवसर- महाराष्ट्र कैबिनेट उपसमिति द्वारा 44 मामलों को वापस लेने की सिफ़रिश इसी प्रक्रिया का हिस्सा?

वैश्विक स्तरपर मानव सभ्यता के विकास का इतिहास केवल भौतिक प्रगति का इतिहास नहीं है, बल्कि यह मानवीय भावनाओं,प्रवृत्तियों और मानसिक अवस्थाओं के निरंतर संघर्ष,संतुलन और परिष्कार का भी इतिहास है।भारतीय दर्शन में काम,क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार को सामान्यतःपंचविकार कहा गया है। धर्मग्रंथों,संत साहित्य और आध्यात्मिक परंपराओं में इनका उल्लेख ऐसे तत्वों के रूप में किया गया है जो मनुष्य को पतन की ओर ले जा सकते हैं।किंतु यदि इनका गहन अध्ययन किया जाए तो स्पष्ट होता है कि ये भाव स्वयं में न तो पूर्णतः अच्छे हैं और न ही पूर्णतःबुरे। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि इन पांच विकारों का सदुपयोग करने और उन्हें अवसर में बदलने की अवधारणा को हम इस प्रकार समझ सकते हैंः काम (इच्छा/उत्साह)ःइसे वासना के बजाय कुछ बड़ा हासिल करने या उत्कृष्ट लक्ष्य (जैसे रचनात्मक कार्य या समाज सेवा) के प्रति जुनून में बदलें।क्रोध (रोष)ःइसे दूसरों या स्वयं के विनाश के बजाय, अन्याय और अपनी कमियों के खिलाफलड़ने की दृढ़ शक्ति में बदलें।लोभ (लालच)ः भौतिक वस्तुओं के लालच को ज्ञान, अच्छे कर्म, और आध्यात्मिक उन्नति के प्रति लालसा में बदलें,मोह (लगाव)ः सांसारिक मोह को अपने काम, परिवार और मानवता के प्रति सच्ची प्रेम भावना में बदलें अहंकार (घमंड)ः इसे मैं सबसे श्रेष्ठ हूँ के झूठे अहंकार से निकालकर मैं सब कुछ सीख सकता हूँ के आत्मविश्वास में बदलें।

साथियों वास्तव में ये मानव व्यक्तित्व की स्वाभाविक शक्तियां हैं, जिनका परिणाम इस बात पर निर्भर करता है कि उनका उपयोग किस उद्देश्य और किस दिशा में किया जा रहा है। यदि इन्हीं भावनाओं को समाज कल्याण,लोक कल्याण, धार्मिक सहायता,सांस्कृतिक संरक्षण और जनहित के कार्यों में नियोजित किया जाए,तो यही पंचविकार मानव उत्थान और सामाजिक परिवर्तन के साधन बन सकते हैं।भारतीय चिंतन सदैव यह कहता रहा है कि मनुष्य का मूल्यांकन केवल उसके भीतर उत्पन्न होने वाले भावों से नहीं,बल्कि उन भावों के उपयोग और परिणामों से किया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए काम केवल भौतिक इच्छा नहीं है, बल्कि सृजन की प्रेरणा भी है। क्रोध केवल विनाश का माध्यम नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध खड़े होने का साहस भी बन सकता है। लोभ यदि व्यक्तिगत स्वार्थ तक सीमित रहे तो हानिकारक है, किंतु यदि वह समाज के लिए अधिक से अधिक संसाधन जुटाने की आकांक्षा में परिवर्तित हो जाए तो विकास का माध्यम बन सकता है। मोह यदि केवल व्यक्तियों तक सीमित न रहकर संस्कृति, समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण का रूप ले ले तो वह सामाजिक एकता का आधार बन जाता है। इसी प्रकार अहंकार यदि आत्ममुग्धता न बनकर आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता में परिवर्तित हो जाए तो समाज को दिशा देने का कार्य करता है। इसलिए यह मान लेना कि इन भावों का उदय होते ही व्यक्ति गलत मार्ग पर चल पड़ा है, एक अधूरी और सतही समझ होगी।

साथियों बात अगर हम इन पांचो विकारों में से किसी एक की तुलना महाराष्ट्र शासन की एक कमेटी क़े निर्णय से करें तो 17 जून 2026 को महाराष्ट्र में मंत्री आशीष शेलार की अध्यक्षता वाली कैबिनेट उपसमिति द्वारा 44 मामलों को वापस लेने की सिफ़रिश इसी प्रक्रिया का हिस्सा है। इससे पहले 29 सितंबर 2025 को भी 77 मामलों को वापस लेने की सिफ़रिश की गई थी। इन आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि सरकार केवल एक बार की कार्रवाई नहीं कर रही, बल्कि एक संस्थागत व्यवस्था विकसित करने का प्रयास कर रही है जिसके माध्यम से ऐसे मामलों की नियमित समीक्षा की जा सके। यह दृष्टिकोण प्रशासनिक संवेदनशीलता और लोकतांत्रिक परिपक्वता का परिचायक माना जा सकता है।इन मामलों की प्रकृति पर ध्यानदेना भी आवश्यक है।समिति द्वारा जिन मामलों को वापस लेने की सिफ़रिश की जाती है,वे मुख्य रूप से गणेशोत्सव, नवरात्रोत्सव, दहीहंडी, श्रमिक आंदोलनों, सामाजिक कार्यक्रमों तथा विभिन्न वैचारिक या जनहित आंदोलनों से जुड़े होते हैं। ऐसे आयोजनों में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी होती है और कभी-कभी प्रशासनिक प्रक्रियाओं या स्थानीय परिस्थितियों के कारण मामले दर्ज हो जाते हैं।

साथियों,यदि इन मामलों में कोई गंभीर आपराधिक मंशा नहीं है और वे केवल सार्वजनिक गतिविधियों के दौरान उत्पन्न परिस्थितियों से संबंधित हैं, तो उनकी पुनर्समीक्षा लोकतांत्रिक न्याय की भावना के अनुरूप मानी जा सकती है।हालांकि, इस पूरी प्रक्रिया की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें स्पष्ट सीमाएं और अपवाद निर्धारित किए गए हैं।महिलाओं के विरुद्ध अपराध, हत्या, गंभीर हिंसा, गंभीर मारपीट जैसे जघन्य अपराध तथा व्यक्तिगत या दीवानी विवादों से जुड़े मामलों को किसी प्रकार की राहत नहीं दी जाती। यह व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि सामाजिक या राजनीतिक गतिविधियों की आड़ में गंभीर अपराधों को संरक्षण न मिले। इसी प्रकार जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों का अंतिम निपटारा न्यायालयों के निर्देशों के अनुसार किया जाता है। इससे यह संदेश जाता है कि कानून के शासन और लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व के सिद्धांतों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

साथियों, महाराष्ट्र सरकार द्वारा गठित मंत्रिमंडलीय उपसमिति इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखी जा सकती है। इस समिति का उद्देश्य उन मामलों की पहचान करना है जो मुख्यतः सामाजिक धार्मिक या राजनीतिक गतिविधियों के दौरान दर्ज हुए हैं और जिनमें गंभीर आपराधिक तत्व नहीं हैं। समिति के समक्ष आने वाले प्रत्येक आवेदन की गहन जांच की जाती है। इसके बाद जिन मामलों को वापस लेने योग्य माना जाता है, उन्हें पुलिस उपायुक्त की अध्यक्षता वाली क्षेत्रीय समितियों के पास भेजा जाता है, जहां आगे की प्रक्रिया पूरी की जाती है। यह व्यवस्था यह सुनिश्चित करने का प्रयास करती है कि केवल उचित मामलों को ही राहत मिले और न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता बनी रहे।

साथियो, विश्व इतिहास इस बात का साक्षी है कि अधिकांश सामाजिक आंदोलनों,स्वतंत्रता संघर्षों और जनजागरण अभियानों के पीछे मानवीय भावनाओं की प्रबल भूमिका रही है।अन्याय के विरुद्ध क्रोध,समाज के प्रति मोह, परिवर्तन की इच्छा और नेतृत्व का आत्मविश्वास ही बड़े-बड़े आंदोलनों को जन्म देता है।यदि महात्मा गांधी को अंग्रेजी शासन की अन्यायपूर्ण नीतियों पर नैतिक आक्रोश न होता,यदि नेल्सन मंडेला कोरंगभेद के विरुद्ध संघर्ष की तीव्र भावना न होती,यदि मार्टिन लूथर किंग जूनियर को सामाजिक समानता के लिए गहरा समर्पण न होता, तो इतिहास की दिशा संभवतः अलग होती। इसका अर्थ यह है कि मानवीय भावनाओं को केवल विकार कहकर नकार देना उचित नहीं है; उन्हें सकारात्मक दिशा देना अधिक महत्वपूर्ण है।

साथियों, वास्तव में समाज कल्याण और लोकहित के लिए कार्य करने वाले लोगों को केवल इसलिए अपराधी की तरह देखना उचित नहीं हो सकता क्योंकि किसी आंदोलन या आयोजन के दौरान उन पर मामला दर्ज हो गया था। यदि उनके कार्यों का उद्देश्य समाज की भलाई, सांस्कृतिक संरक्षण, धार्मिक आयोजन या जनहित रहा हो और उन्होंने कोई गंभीर अपराध न किया हो, तो उन्हें सुधार और पुनर्विचार का अवसर मिलना चाहिए। यह दृष्टिकोण दंडात्मक न्याय के स्थान पर सुधारात्मक न्याय की अवधारणा को मजबूत करता है।आज आवश्यकता इस बात की है कि समाज पंचविकारों को केवल नकारात्मक दृष्टि से देखने की बजाय उनके सकारात्मक रूपों को भी समझे। जब काम सेवा की आकांक्षा बनता है, क्रोध अन्याय के विरुद्ध संघर्ष बनता है, लोभ समाज के लिए संसाधन जुटाने की प्रेरणा बनता है, मोह संस्कृति और समाज के प्रति समर्पण बनता है तथा अहंकार आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता में परिवर्तित होता है, तब यही भाव मानवता के विकास के साधन बन जाते हैं। इसी प्रकार लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में भी केवल कानून का कठोर अनुपालन ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि परिस्थितियों, उद्देश्यों और सामाजिक हितों को ध्यान में रखते हुए न्यायपूर्ण निर्णय लेना भी आवश्यक है।

साथियों, महाराष्ट्र सरकार की समिति द्वारा मामलों की समीक्षा और उपयुक्त मामलों को वापस लेने की सिफ़रिश इसी संतुलित दृष्टिकोण का उदाहरण है। यह पहल एक ओर कानून के शासन का सम्मान करती है, वहीं दूसरी ओर सामाजिक कार्यकर्ताओं, धार्मिक आयोजकों और जनहित में कार्य करने वाले नागरिकों को अनावश्यक कानूनी बोझ से राहत देने का प्रयास भी करती है। यदि यह प्रक्रिया पारदर्शिता, निष्पक्षता और उत्तरदायित्व के साथ आगे बढ़ती है, तो यह लोकतांत्रिक शासन, सामाजिक न्याय और जनसहभागिता के बीच संतुलन स्थापित करने का एक प्रभावी मॉडल बन सकती है।

साथियों, भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक आंदोलनों की एक लंबी परंपरा रही है। विभिन्न समुदाय,संगठन और नागरिक समूह समय-समय पर अपनी मांगों,अधिकारों और सामाजिक उद्देश्यों के लिए आंदोलन करते रहे हैं। गणेशोत्सव नवरात्रोत्सव, दहीहंडी जैसे सांस्कृतिक आयोजनों से लेकर श्रमिक आंदोलनों,सामाजिक सुधार अभियानों और जनहित प्रदर्शनों तक,नागरिक सहभागिता लोकतंत्र की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। किंतु अनेक बार इन गतिविधियों के दौरान परिस्थितियां ऐसी बन जाती हैं कि प्रतिभागियों के विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज हो जाते हैं। इनमें से कई मामले ऐसे होते हैं जिनमें हिंसा, गंभीर अपराध या व्यक्तिगत स्वार्थ का तत्व नहीं होता, बल्कि वे प्रशासनिक नियमों के उल्लंघन, प्रदर्शन या सामूहिक गतिविधियों के दौरान उत्पन्न परिस्थितियों से जुड़े होते हैं।यहीं से न्याय और प्रशासन के बीच संतुलन का प्रश्न उत्पन्न होता है। क्या प्रत्येक ऐसा मामला, जो किसी सामाजिक या धार्मिक गतिविधि के दौरान दर्ज हुआ हो, जीवनभर व्यक्ति के साथ जुड़ा रहना चाहिए? क्या ऐसे मामलों के कारण सामाजिक कार्यकर्ताओं, धार्मिक आयोजकों या जनहित के लिए कार्य करने वाले व्यक्तियों का भविष्य प्रभावित होना चाहिए? लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में इन प्रश्नों का उत्तर केवल कानूनी दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि सामाजिक और मानवीय दृष्टिकोण से भी खोजा जाना आवश्यक है। इसी सोच के आधार पर महाराष्ट्र सरकार ने विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक आंदोलनों के दौरान कार्यकर्ताओं पर दर्ज मामलों की समीक्षा और आवश्यक मामलों में उन्हें वापस लेने की प्रक्रिया सटीक रूप से प्रारंभ की है।

साथियों, अंतरराष्ट्रीय स्तरपर भी कई लोकतांत्रिक देशों में ऐसी व्यवस्थाएं देखने को मिलती हैं जहां शांतिपूर्ण आंदोलनों से जुड़े मामलों की समीक्षा की जाती है। अनेक देशों में यह माना जाता है कि लोकतंत्र में नागरिकों को अपनी बात रखने, विरोध दर्ज कराने और सामाजिक परिवर्तन के लिए संगठित होने का अधिकार है। यदि इस प्रक्रिया में ऐसे मामले दर्ज हो जाते हैं जिनमें कोई गंभीर आपराधिक तत्व नहीं है, तो समय-समय पर उनकी समीक्षा लोकतांत्रिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक मानी जाती है। महाराष्ट्र की पहल को इसी व्यापक वैश्विक संदर्भ में देखा जा सकता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करें इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे के यह कहा जा सकता है कि मनुष्य के भीतर मौजूद काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसी शक्तियां स्वयं में शत्रु नहीं हैं। उनका स्वरूप इस बात से निर्धारित होता है कि वे किस दिशा में प्रयुक्त हो रही हैं। जब ये भाव समाज, संस्कृति, राष्ट्र और मानवता की सेवा में समर्पित हो जाते हैं, तब वे विकार नहीं बल्कि परिवर्तन और निर्माण की ऊर्जा बन जाते हैं।


उसी प्रकार लोकतांत्रिक समाज में कानून का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि न्याय स्थापित करना भी है। महाराष्ट्र की वर्तमान पहल इस व्यापक सिद्धांत को व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत करती है कि समाज कल्याण, जनभागीदारी और न्याय व्यवस्था के बीच संतुलन स्थापित कर ही एक संवेदनशील, समावेशी और विकसित लोकतंत्र का निर्माण किया जा सकता है।


रचनाकार



एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 196



ck;: l: nk;: %&1) मुगल साम्राज्य का अंतिम सम्राट 7) ताकत 9) प्रजा (उर्दू) 11) पिछला 13) सुरक्षित 14) सतह के नीचे अंदर तक गया हुआ 16) गिरने न देना, पालन करना 18) भारत का उत्तरी सीमा का रक्षक पर्वत 20) मुर्ख, नासमझ 23) पेन्सिल का लिखा मिटाने का साधन 25) ब्योरा 26) मलाई 28) अनोखा 29) लगभग 30) परोसना, स्पर्श करना 32) दौलत 34) तल्लीनता 36) 'लड़ना' का भूतकाल 37) पीब 39) जिसका मुंह गजराज जैसा है वह 42) कन्या पक्ष की ओर से वर पक्ष को दिया जानेवाला धन व सामान 44) गुंधा, सानना, क्रिया का कर्मवात्य रुप 45) राजप्रासाद 47) पुरुष 48) कृति में लाना 50) मोमबत्ती और पतंगे के लिये प्रयुक्त उर्दू शब्दावली 54) महोदय 56) गुजरात राज्य का एक शहर 58) 'इनका' का एकवचन 59)एक देश जिसकी राजधानी तेहरान है 62) फलों का राजा 63) कामयाब 64) बेल 65) तृण 67) मुक्त 68) माफ 69) एक सुप्रसिद्ध भारतीय सितार वादक 71) प्रवीणता 73) छलपूर्ण रचना, लक्ष्मी, जादू 74) बैठने की बैठक 75) खराबी, दोष 76) अपराध 78) हवा चलने या पानी के उबलने से उत्पन्न ध्वनि 79) अभियोग 81) बास, महक 82) लोग 83) अच्छा योग 86) मजबूरी से 89) वैराग्य 90) माल की बिक्री 91) रात में विचरण करनेवाला 93) विचारणीय विषय, समस्या 95) जो चुका लिया हो, उगाह, शुल्क जो लिया गया हो 97) एक जल जंतु 98) शरम 99) स्वतंत्रता पूर्व काल में 'ओल्ड मॅन ऑफ इंडिया' उपाधि प्राप्त एक पुराने दिवंगत नेता 101) जमीन आदि का उपरी भाग 103) एक वायु रोग 105) मुंगफल्ली 106) विवाहिता 107) कार्य, बटन का छेद 108) स्व. इंदिरा गांधीजी के दादा

Åij l: uhp: %& 1) पर्याप्त 2) परिस्थिती, दशा 3) पूंछ 4) संत कवी तुलसीदासजी की पत्नी का नाम 5) एकत्र, संग्रह 6) नस 7) समानता 8) तीन देवों का संयुक्त रुप, त्रिदेव 9) मुगल – ए – आझम अकबर के बेटे सलीम की प्रियतमा 10) पृथ्वी 11) एकदम अशुद्ध 12) निश्चित 15) चेष्टा, गतिविधी 17) श्रीरामजी के एक पुत्र 19) प्रवीण 21) युक्ति काम न आना अर्थवाला एक मुहावरा 22) मुंबई का एक उपनगर 24) औंटाकर किये हुए लच्छीदार दूध का एक मीठा व्यंजन 27) अर्धमृत 30) बाना, पोशाक 31) पायजामे में प्रयुक्त किये जानेवाली सूत की डोरी 33) कृपा करना 35) मुकुट 38) सांस 40) जंगल 41) उद्धारक, ईश्वर 43) एक देश जो एक द्वीप भी है 44) केन्द्र और राज्यों के मामलों से संबंधित विवादों को निपटाने के लिये कुछ वर्ष पूर्व इस आयोग का गठन किया गया था 46) पचाना 48) एक पुराने दाक्षिणात्य फिल्म अभिनेता जिनकी पहली फिल्म 'एक दुजे के लिये' थी 49) सर्पदेवता, सांप 51) मवाद 52) नापित 53) जनता के मन की इच्छा या विचार 55) सवारी ले जानेवाला एक साधन 57) कामदेव की पत्नी 60) दानव 61) चरण 62) अनिष्ट की संभावना, संदेह 66) नृसिंह 70) नाना, अलग अलग प्रकार के 72) दिलासा 74) एक आदरवाची मध्यम पुरुष सर्वनाम 77) सोचने समझने की शक्ति 80) बीमारी 81) बेवकूफ, अनाड़ी, ग्राम्य 82) जनम देनेवाला 83) शराब 84) असावधान 85) पुराने फिल्म अभिनेता राजकुमार का तकिया कलाम 86) घाव पर लगाया जानेवाला औषधी युक्त लेप 87) दूध गरम करने पर जमनेवाली ऊपरी सार भाग 88) पारसियों का नववर्ष दिन 89) नर गाय 90) पक्षी 92) एकत्र करना, दुनियां 94) किसी संस्था के सदस्यों की बैठक 96) रवा 97) प्रासाद 99) जलन 100) नाव 101) पतिव्रता 102) पेंदा 104) वृक्ष, पेड़ (जवाब अगले अंक में )

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | मा | ल | गो | टा | | कू | प | मं | डू | क | | ता | क | त | | ह | क | दा | र |
| र | त | ज | गा | | सु | ल | ह | | ब | ला | त | | ल | ल | का | र | ना | | प |
| | म | ना | क | र | ना | | रे | हा | ना | | मा | त | ह | त | | च | ट | प | ट |
| अ | | | पू | त | ना | | दा | | | ठु | म | री | | म | क | र | | त | |
| बु | | सू | र | ज | | श | र | म | ना | क | | का | ल | ह | र | ण | | वा | द |
| ल | ह | र | | गा | लि | ब | | न | ज | रा | ना | | | मू | क | | हा | र | ना |
| क | र | त | ब | | खा | न | सा | मा | | ना | रा | जी | | द | श | र | थ | | द |
| ला | मा | | | न | व | म | | नी | ल | | | | अ | | | ब | र | त | न |
| म | | क | र | व | ट | | का | क | | अ | प | रा | ध | | भ | र | स | क | |
| आ | का | श | | मी | | क | द | र | दा | न | | ह | म | रा | ज | | | ली | ची |
| जा | न | | अ | | उ | ता | र | ना | | श | र | | रा | ज | न | | स | फ | र |
| द | | क | प | | ब | र | खा | | ज | न | वा | द | | ना | ला | य | क | | फा |
| | प | च | ना | | र | | न | म | क | | ना | | क | रा | ल | | प | हा | ड़ |
| त | र | | प | र | ना | ना | | स | ड़ | ना | | आ | ल | य | | कं | का | ल | |
| प | दा | व | न | त | | क | ह | ला | ना | | जा | ग | र | ण | | स | ना | त | न |


anumeva-08446302691

जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## सरसों तेल - तिलहन, बिनौला तेल में गिरावट; सोयाबीन तेल-तिलहन में सुधार



नई दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सरसों तेल-तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम में गिरावट देखने को मिली जबकि कम दाम की वजह से बाजार में कम आवक के बीच सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम में सुधार आया।***

मलेशिया एक्सचेंज बंद रहने से कच्चे पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल के दाम स्थिर रहे। गर्मी के फसल की आवक के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम भी स्थिर बने रहे।

मलेशिया एक्सचेंज में आज छुट्टी है। जबकि शिकॉगो एक्सचेंज में घट-बढ़ जारी है। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि सरसों की बड़ी पेराई मिलों ने सरसों का खरीद दाम घटाया है जिससे सरसों तेल-तिलहन में गिरावट आई। सरसों के भाव ऊंचे होने की वजह से इसके लिवाल कम हैं। दूसरी ओर बिनौले का माल ही नहीं है। जब तक बाजार में मूंगफली की स्थिति बेहतर नहीं होगी तो बिनौला कौन खरीदेगा। पंजाब, हरियाणा में बिनौले की 90-95 प्रतिशत पेराई मिलें बंद हो चुकी हैं क्योंकि बाजार में माल ही नहीं है। गर्मी की मूंगफली फसल की आवक के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर बने रहे। मलेशिया एक्सचेंज के बंद रहने के बीच पाम-पामोलीन के दाम भी स्थिर रहे।

सूत्रों ने कहा कि पिछले कुछेक दिन में सोयाबीन के दाम 600-700 रुपये क्विंटल घटे थे और सोयाबीन प्लांट वालों की ओर से सोयाबीन का खरीद दाम नीचे बोला जा रहा है। वहीं किसान इस नीचे दाम पर बिकवाली नहीं कर रहे क्योंकि कई साल के बाद इस बार उन्हें सोयाबीन के बेहतर दाम मिल चुके हैं। ऐसे में किसान बाजार में आवक कम ला रहे हैं जिससे सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम मजबूत हो गये।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:

सरसों तिलहन - 7,650-7,675 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली - 6,525-7,100 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,400 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,450-2,750 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 15,700 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,590-2,690 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,590-2,735 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,525 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,475 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 11,950 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,550 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,700 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,500 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,300 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 6,925-6,975 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज- 6,775-6,850 रुपये प्रति क्विंटल।

## भारत-यूरोपीय संघ एफटीए पर साल के अंत तक हस्ताक्षर होंगे: वॉन डेर लेयेन



एवियॉन (फ्रांस), (भाषा)।

***यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने बुधवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) इस वर्ष के अंत तक महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे।***

उन्होंने यह जानकारी जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वार्ता के बाद दी। इस बैठक में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष वॉन डेर लेयन के अलावा यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा भी शामिल हुए।

वॉन डेर लेयन ने सोशल मीडिया पर कहा, ÷जब से हमने इस ऐतिहासिक व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है, तब से हम अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हम इस वर्ष के अंत तक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर देंगे और निवेश समझौते पर काम में भी तेजी लाएंगे।''

उन्होंने कहा, ''हम सुरक्षा और रक्षा सहयोग को भी मजबूत करेंगे तथा भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना को आगे बढ़ाकर बेहतर संपर्क व्यवस्था के लिए मिलकर काम करेंगे।''

भारत और यूरोपीय संघ ने जनवरी में नयी दिल्ली में आयोजित शिखर बैठक में इस व्यापक व्यापार समझौते पर वार्ता पूरी होने की घोषणा की थी। अधिकारियों के अनुसार, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग एक-चौथाई हिस्सा रखने वाला यह मुक्त व्यापार समझौता यूरोपीय संघ को होने वाले भारतीय निर्यात के 99 प्रतिशत हिस्से पर शुल्क को कम करेगा और भारत में आने वाले ईयू के 97 प्रतिशत से अधिक निर्यात पर शुल्क में कटौती करेगा।


यूरोपीय संघ का अनुमान है कि इस समझौते से यूरोपीय निर्यातकों को वार्षिक शुल्क में चार अरब यूरो तक की बचत होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने और ईयू नेताओं ने आर्थिक संबंधों को और गहरा करने पर चर्चा की।

उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, ''इस वर्ष की शुरुआत में भारत को गणतंत्र दिवस समारोह में उनकी मेजबानी करने का सौभाग्य मिला था। भारत-यूरोपीय संघ संबंधों के लिए यह महत्वपूर्ण समय है क्योंकि हमने मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है।''

मोदी ने कहा, ''हमारी बढ़ती साझेदारी आज के वैश्विक परिदृश्य में शांति, स्थिरता और समृद्धि को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।''

## प. एशिया संघर्ष के बावजूद 2025-26 में भारत का निर्यात रिकॉर्ड 863 अरब डॉलर पर: अधिकारी



अहमदाबाद, (भाषा)।

***पश्चिम एशिया में संघर्ष और अमेरिकी शुल्क लगाने की वजह से वैश्विक कारोबार में रुकावटों के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का निर्यात रिकॉर्ड 863 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।***

वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव अजय भादू ने कहा, ''यह साल बहुत मुश्किल रहा है - अमेरिकी शुल्क से लेकर पश्चिम एशिया संकट तक - लेकिन इसके बावजूद, हमने साबित किया है कि निर्यात पारिस्थिकी तंत्र के मामले में भारत बहुत मजबूत है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का कुल निर्यात 863 अरब डॉलर के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया।''

भादू अहमदाबाद में 'आउटरीच प्रोग्राम: गुजरात के एसईजेड की 12 साल की उपलब्धियां और प्रगति तथा भविष्य का दृष्टिकोण' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पिछले दशक में भारत का कुल निर्यात लगभग दोगुना होकर 441 अरब डॉलर से 863 अरब डॉलर हो गया है। इसमें इंजीनियरिंग सामान, पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, रत्न और आभूषण तथा रसायन जैसे क्षेत्रों की अहम भूमिका रही है।

उन्होंने कहा कि इस विकास में गुजरात का बड़ा योगदान रहा है, जिसका निर्यात में लगभग 110 अरब डॉलर का हिस्सा है।

भादू ने कहा कि आने वाले वर्षों में विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) को बढ़ावा दिया जाएगा।

उन्होंने कहा, ''गुजरात और पूरे भारत में नए विशेष आर्थिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हाल ही में, सरकार ने ढोलेरा में टाटा सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित किए जाने वाले एक एसईजेड को मंजूरी दी है।''

इस कार्यक्रम में कांडला विशेष आर्थिक क्षेत्र (केएएसईजेड) के क्षेत्रीय विकास आयुक्त, ज्ञानेश्वर बी. पाटिल, गुजरात के उद्योग आयुक्त स्वरूप पी, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और व्यापार व उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हुए।

पाटिल ने कहा, ''एसईजेड निवेश, रोजगार, नवाचार और निर्यात के मुख्य इंजन के तौर पर उभरे हैं और 'मेक इन इंडिया', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण को साकार करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।''

पाटिल ने बताया कि गुजरात में चार सेमीकंडक्टर एसईजेड को मंजूरी दी गई है, जिनमें सीजी सेमी टेक्नोलॉजीज, केन्स सेमीकॉन, टाटा सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग और माइक्रोन टेक्नोलॉजी की परियोजनाएं शामिल हैं।

## एआई मंच से जुड़ी साइबर सुरक्षा चिंताओं के बीच एक्सिस बैंक ने डिजिटल प्रणालियों को बताया सुरक्षित..




कोलकाता, (भाषा)।

***निजी क्षेत्र के अग्रणी एक्सिस बैंक ने बुधवार को कहा कि उन्नत कृत्रिम मेधा (एआई) मॉडल और बैंकिंग साइबर सुरक्षा पर उनके संभावित प्रभाव को लेकर जारी चिंताओं के बीच उसका डिजिटल बुनियादी ढांचा पूरी तरह सुरक्षित है।***

बैंक ने कहा कि साइबर धोखाधड़ी की घटनाएं बैंक की प्रणालियों में किसी सेंधमारी के कारण नहीं, बल्कि मुख्य रूप से बाहरी संचार के माध्यम से ग्राहकों के झांसे में आने के कारण होती हैं।

बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि एक्सिस बैंक ने अपने परिचालन में डेटा सुरक्षा का एक बेदाग रिकॉर्ड बनाए रखा है और साइबर सुरक्षा ढांचे में किसी भी कमजोरी के कारण बैंक को कभी धोखाधड़ी का सामना नहीं करना पड़ा है।

यह टिप्पणी 'मिथोस' एआई मॉडल को लेकर बढ़ी चर्चा के बीच आई है। इस मॉडल के बारे में दावा किया जा रहा है कि यह सुरक्षा संबंधी कमजोरियों की पहचान की प्रक्रिया को काफी तेज कर सकता है, जिससे बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र में चिंताएं बढ़ी हैं।


एक्सिस बैंक में वित्तीय अपराध आसूचना विभाग के प्रमुख गौरव गुप्ता ने कहा, ''हमारे अनुभव में धोखाधड़ी की घटनाएं आमतौर पर हमारी साइबर सुरक्षा व्यवस्था में किसी कमी के कारण नहीं होतीं।''

उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा और साइबर धोखाधड़ी के बीच अंतर समझना महत्वपूर्ण है। बैंक अपनी डिजिटल प्रणालियों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन कई धोखाधड़ी तब होती हैं जब ग्राहक भ्रामक संदेशों, ऑनलाइन ठगी के प्रयासों का शिकार हो जाते हैं।

गुप्ता ने कहा, ''साइबर धोखाधड़ी इसलिए हो रही है क्योंकि ग्राहक उन्हें भेजे जा रहे संदेशों या संचार के झांसे में आ रहे हैं, न कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था में किसी कमी के कारण।''

बैंक अधिकारियों के अनुसार, 'मिथोस' एआई मॉडल से जुड़े दावों के सामने आने के बाद सरकार ने बैंकों के साथ चर्चा की थी। साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) भी उभरते साइबर खतरों के प्रति संस्थानों की तैयारियों का आकलन करने के लिए लगातार निगरानी संबंधी अभ्यास कर रहा है।

## कार्बन कैप्चर प्रौद्योगिकी के लिए 20,000 करोड़ रुपये का ढांचा खड़ा करने पर विचार




नई दिल्ली, (भाषा)।

केंद्र सरकार कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस) प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए अगले पांच वर्षों में 20,000 करोड़ रुपये के परिव्यय वाला एक ढांचा खड़ा करने पर विचार कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सीसीयूएस प्रौद्योगिकी में उद्योगों से निकलने वाली कार्बन डाइऑक्साइड को पकड़कर उसका उपयोग किया जाता है या सुरक्षित रूप से जमीन के नीचे जमा कर दिया जाता है, ताकि वह वातावरण में न पहुंच पाए।

बिजली मंत्रालय में संयुक्त सचिव आधार राज ने पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि इस प्रस्तावित ढांचे को मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा, ''सीसीयूएस प्रौद्योगिकी भारत के लिए आर्थिक वृद्धि और जलवायु प्रतिबद्धताओं के बीच संतुलन बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर पेश करती है। नीतिगत समर्थन, संस्थागत ढांचे और रणनीतिक निवेश के जरिए कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना जरूरी है।'' आधार राज ने कहा, ÷नीति निर्माताओं, उद्योग, शोध संस्थानों और निवेशकों के बीच मजबूत सहयोग से ऐसे कार्बन प्रबंधन समाधान विकसित किए जा सकते हैं, जो बड़े पैमाने पर लागू होने योग्य और व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य हों।÷ उन्होंने बताया कि केंद्रीय बजट 2026-27 में भी सीसीयूएस प्रौद्योगिकियों के प्रोत्साहन के लिए पांच वर्षों में 20,000 करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव किया गया है। यह पहल भारत के वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन हासिल करने के लक्ष्य के अनुरूप है। इसके साथ ही यह औद्योगिक वृद्धि और बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने के उद्देश्य को भी ध्यान में रखती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, उद्योग प्रतिनिधियों, शोधकर्ताओं, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, निवेशकों और हरित विशेषज्ञों ने भाग लिया और सीसीयूएस की भूमिका पर चर्चा की।

## प्रधानमंत्री पीएम-विकसित भारत रोजगार योजना के तहत 2,400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित करेंगे..



नई दिल्ली, (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएम-वीबीआरवाई) के तहत लगभग 2,400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित करेंगे।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि यह वितरण प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएम-वीबीआरवाई) के क्रियान्वयन में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

यह केंद्र सरकार की प्रमुख रोजगार-आधारित प्रोत्साहन योजना है, जिसका उद्देश्य रोजगार सृजन में तेजी लाना, रोजगार के औपचारिकीकरण को बढ़ावा देना, रोजगार पात्रता बढ़ाना और विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार करना है।

योजना के तहत अब तक देशभर में 15 लाख रोजगार के अवसर सृजित किए जा चुके हैं। पीएम-वीबीआरवाई का उद्देश्य पहली बार नौकरी पाने वाले युवाओं तथा नए रोजगार सृजित करने वाले नियोक्ताओं को वित्तीय प्रोत्साहन देकर औपचारिक रोजगार को बढ़ावा देना है। योजना के तहत पहली बार नौकरी पाने वाले कर्मचारियों को 15,000 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। वहीं अतिरिक्त रोजगार उपलब्ध कराने वाले नियोक्ताओं को प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए प्रति माह 3,000 रुपये तक का प्रोत्साहन मिलता है।

बयान में कहा गया है कि आर्थिक वृद्धि में विनिर्माण क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए इस क्षेत्र के नियोक्ताओं को चार वर्ष तक प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जबकि अन्य क्षेत्रों के नियोक्ता दो वर्ष तक इस लाभ का फायदा उठा सकेंगे। पीएम-वीबीआरवाई एक अगस्त, 2025 से लागू हुई थी। 99,446 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय वाली इस योजना का लक्ष्य दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार अवसरों के सृजन को प्रोत्साहित करना है।

## सोने में 4,800 रुपये की गिरावट, चांदी 5,300 रुपये सस्ती हुई..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 4,800 रुपये गिरकर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं, जबकि चांदी की कीमत में 5,300 रुपये की गिरावट दर्ज हुई।***

मजबूत रुपये और कमजोर वैश्विक रुख के बीच कारोबारियों ने कीमती धातुओं से दूरी बनाए रखी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 4,800 रुपये टूटकर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई।

पिछले सत्र में यह 1,59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी में भी भारी गिरावट आई और यह 5,300 रुपये टूटकर 2,55,400 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। मंगलवार को चांदी 2,60,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

बाजार विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू मांग लगातार दूसरे दिन कमजोर रही क्योंकि मजबूत शेयर बाजार के बीच निवेशक बेहतर लाभ की तलाश में थे।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई क्योंकि निवेशकों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के मौद्रिक नीति फैसले सहित कई महत्वपूर्ण अमेरिकी आर्थिक कार्यक्रमों से पहले सतर्क रुख अपनाया।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना मामूली गिरावट के साथ 4,327.54 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 0.18 प्रतिशत गिरकर 69.89 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।

मिराए एसेट शेयरखान में जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, ''अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी के मौद्रिक नीति फैसले से पहले हाजिर सोना में स्थिरता देखी जा रही है।''

इस बीच, बाजार प्रतिभागियों शुक्रवार को होने वाली अमेरिका-ईरान बैठक से पहले की गतिविधियों पर भी नजर रख रहे हैं।

एलकेपी सिक्योरिटीज में उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''किसी औपचारिक समझौते की दिशा में कोई भी प्रगति भू-राजनीतिक अनिश्चितता को कम कर सकती है, जबकि रुकावटें कीमती धातुओं की मांग को फिर से बढ़ा सकती हैं।''

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# अवैध सागौन कटाईः जागरूक ग्रामीणों ने किया वन विभाग के सुपुर्द..





जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी वन क्षेत्र अनेको वन संपदाओ से घिरा हुआ क्षेत्र है अनेको लकडियो की प्रजाति भी लांजी वन क्षेत्र में पाई जाती है। वहीं इन्ही वन क्षेत्रो से अनेको बार यह खबरे आई है कि वन***

क्षेत्रो में बड़ी मात्रा में सागौन वृक्ष की कटाई कर तस्करी की जाती है। संबधित वन विभाग के द्वारा कार्यवाही भी की जाती है बावजूद इसके सागौन की तस्करी करने वालों के हौसले इतने बुलंद होते है कि वे रात के अंधेरे में ग्रामो में पंहुचकर सागौन वृक्षो की कटाई कर उपयोग में लाये जाते है।

ऐसा ही एक मामला लांजी जनपद अन्तर्गत ग्राम पंचायत फोफसा के बोरी वन क्षेत्र से सामने आया है। जहां 15 एवं 16 जून कि दरम्यानी रात्रि में कुछ युवाओं के द्वारा अवैध रूप से सागौन के वृक्ष के कटाई कर उसे ले जाया जा रहा था लेकिन स्थानीय जागरूक ग्रामीणो ने इन युवाओं को रंगे हाथो धर दबोचा तथा संपूर्ण जानकारी वन विभाग को दी गई। वन अमले की टीम को पंहुचने मे कुछ देरी होने के चलते सागौन ले जाने वाले युवाओं को उनके साथियों ने आकर छूडा कर ले गये लेकिन इस दौरान ग्रामीण जनों ने दो युवाओं की तस्वीरें और विडीओ मोबाईल मे कैद कर लिया गया था। इस संपूर्ण मामले को वन विभाग के द्वारा अपने संज्ञान मे लेते हुये वन अधिनियम के तहत जांच प्रारंभ कर दी गई है तथा दो युवाओं की पहचान भी वन विभाग के द्वारा की गई है। जिन पर प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम विवेचना वन विभाग कर रही है। वहीं सागौन के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 3 पेड़ काटे गये है जिनकी लागत या कीमत 1 से 1:50 लाख तक हो सकती है।

वहीं इस प्रकरण में एसडीओ राकेश अडक़ने ने कहा कि मामले में तीन संदेहियो से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में कुछ लोगो के बयान भी सामने आये जिनमें स्वयं को वनसमिति का सदस्य बताने वाले ग्रामीण सुखदास नगपुरे बताते है कि यहां से पहले अवैध रूप से इमारती लकडिय़ोयो की कटाई कर उनका परिवहन किया जा चुका है, बीती रात भी लकड़ी तस्करों की यही योजना थी लेकिन ग्रामीणों ने उन्हें मिलकर पकड़ा था उनके साथी उन्हें छूड़ा ले गए।

हमने संपूर्ण जानकारी वन विभाग को दे दी गई है। वहीं परिक्षेत्र सहायक ने बताया कि बीती रात्रि में सूचना प्राप्त होते ही मौके पर गये थे, जहां सागौन के वृक्ष कटे हुये मिले है वरिष्ठ अधिकारियों को प्रकरण अवगत कराया जाकर उपवन मण्डलाधिकारी लांजी राकेश अडक़ने, वन परिक्षेत्र अधिकारी सपन ताम्रकार के मार्गदर्शन एवं निर्देशन मे कार्यवाही की गई है। ग्रामीणों से प्राप्त फोटो एवं विडीओ के आधार पर जो व्यक्ति दिख रहे वह विशाल खोब्रागड़े लांजी, राजा उर्फ कपिल रामटेक्कर लांजी, मोनू भण्डारकर लांजी के विरूद्ध वन अपराध पंजीबद्ध किया गया है। वन अपराध क्रमांक 16158/18 दिनांक 17 जून 2026 को पंजीबद्ध किया गया है। इसके साथ वन क्षेत्र का भ्रमण भी किया गया है तथा संपूर्ण विवेचना की जा रही है।

# जम्मू माली मरार समाज ने किया मेधावी प्रतिभाओं का किया सम्मान





जगप्रेरणा लांजी।

***जम्मू माली मरार समाज लांजी द्वारा गत वर्षानुसार इस वर्ष भी महात्मा ज्योतिबा फुले भवन, चिचटोला लांजी में सम्मान समारोह का आयोजन***

कर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। समाज के इन नन्हे-नन्हे बच्चों ने अपनी मेहनत और लगन से पूरे समाज का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश वाकले, मुख्य अतिथि के रूप में यशवंतराव बड़मे उपस्थित रहे।

विशेष अतिथियों में रामप्रसाद चोरवाड़े (सेवानिवृत्त), शेषराम चोरवाड़े और जानकी बाई वाकले ने शिरकत की। समाज के अध्यक्ष भारत भाऊ बड़मे, कोषाध्यक्ष ताराचंद चोरवाड़े, सचिव लखनलाल वाकले और जिला प्रतिनिधि सीताराम बड़मे ने पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## इन छात्र-छात्राओं का किया सम्मान..

कक्षा 12 वीं में बानी संतोष वाकले ने 83 प्रतिशत, कक्षा 11 वीं में अंशिका अजय चोरवाड़े ने 83 प्रतिशत अंक, कक्षा 10 वीं में ज्योति दुलीचंद चोरवाड़े ने 95 प्रतिशत। कक्षा 9 वीं में दिगंबर शोभन गोदुले ने 81 प्रतिशत। कक्षा 8 वीं में कशिश भगीरथ बड़मे ने 79 प्रतिशत। कक्षा 7वीं में मिष्ठी रामकुमार बड़मे ने 84 प्रतिशत। कक्षा 6वीं में विहिका कैलाश गोदुले ने 87 प्रतिशत, कक्षा 5वीं में पूजा संजय बड़मे ने किया कमाल, हासिल किए 97 प्रतिशत, कक्षा 4 वीं में तन्मय मचलेस चोरवाड़े ने 89 प्रतिशत, कक्षा 3री में दीक्षा सुशील चोरवाड़े ने 99.83 प्रतिशत, कक्षा 2 री में तन्वी रामेश्वर चोरवाड़े ने 99.75 प्रतिशत, कक्षा 1ली में हिमांशी राजेश वंजारी 99.91 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष रमेश वाकले के द्वारा कक्षा 12 में बानी संतोष वाकले के द्वारा 83 प्रतिशत अंक हासिल कर समाज को गौरवान्वित करने पर नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समारोह में महेश बड़मे, मचलेश चोरवाड़े, सुशील चोरवाड़े, देवेंद गोदुले, नीरज बड़मे, राकेश बड़मे, कुमारी मनीषा बड़मे (शिक्षिका), कुमारी दीक्षा बड़मे, श्रीमती शीतल गोदुले, श्रीमती मनीषा महेश बड़मे और कुमारी पूनम बड़मे (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) सहित समाज के गणमान्य सदस्यों की भारी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन रमेश वाकले के मंगलमयी आशीर्वचन और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# प्रो. सुशीला वरकड़े का आदिवासी गोंड समाज द्वारा किया सम्मान..




जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक-1 बकरामुंडी निवासी आदिवासी गोंड समाज की प्रतिभाशाली बेटी सुशीला वरकड़े का चयन सहायक प्राध्यापक (भूगोल) पद पर***

होने से पूरे लांजी क्षेत्र एवं आदिवासी गोंड समाज में हर्ष और गौरव का वातावरण है। सुशीला वरकड़े, बकरामुंडी निवासी झनकलाल वरकड़े एवं चैती बाई वरकड़े की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के बल पर भूगोल विषय में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। अब सहायक प्राध्यापक पद पर चयनित होकर उन्होंने क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है। उनकी यह सफलता आदिवासी समाज की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है। उन्होंने अपनी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए शिक्षा जगत में नई पहचान स्थापित की है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि दृढ़ संकल्प, सही मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। सुशीला वरकड़े की इस उपलब्धि पर गोंडवाना विकास समिति लांजी के अध्यक्ष धनीराम इनवाती, उपाध्यक्ष मोतीराम ऊईके, ऋषिकेश घोरमारे, श्रवणलाल ऊईके, संरक्षक मुन्नालाल मलगाम, मानिकलाल वरकड़े, सचिव अशोक मर्सकोले, समाजसेवी मेहतरलाल मडावी, राधेलाल पंद्रे, राजेश वरकड़े, तिवारी मडावी, शुभम वाकडे, अजय नेवारे, लोकेश मलगाम, सुखदास मर्सकोले, नगर परिषद पार्षद संजय सैय्याम, सहित अन्य सामाजिक संगठनों एवं संस्थाओ के पदाधिकारियों के द्वारा सुशीला वरकड़े का सम्मान किया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को गायत्री शक्ति पीठ में होगा कार्यक्रम..



जगप्रेरणा लांजी।

***नगर के बस स्टैंड स्थित गायत्री शक्तिपीठ लांजी में आगामी 21 जून 2026, रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।***

यह कार्यक्रम प्रातः 7:00 बजे से 8:00 बजे तक आयोजित होगा। गायत्री शक्तिपीठ लांजी के परिब्राजक विनोद तिड़के ने जानकारी देते हुए बताया कि गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा नगर एवं क्षेत्र के सभी भाई-बहनों को कार्यक्रम में सहभागी बनने के लिए आमंत्रित किया गया है।

उन्होंने कहा कि जो लोग अपने घरों में नियमित रूप से योग करते हैं, वे भी इस अवसर पर शक्तिपीठ पहुंचकर सामूहिक योगाभ्यास में भाग लें और अपनी दिनचर्या में योग को और अधिक सशक्त रूप से शामिल करें।

कार्यक्रम के दौरान योगाभ्यास का प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन योग प्रशिक्षक श्रीमती प्रसन्ना जैतवार द्वारा दिया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि योग दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। गायत्री शक्तिपीठ लांजी के व्यवस्थापक श्यामलाल पांडे, योग प्रशिक्षक व ट्रस्टी पूरनलाल जैतवार द्वारा योग करवाया जायेगा। नगर एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति स्थापना हेतु भूमिपूजन का कार्यक्रम हुआ संपन्न..



जगप्रेरणा किरनापुर।

***छत्रपति कुनबी समाज किरनापुर के तत्वाधान में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार दिनांक 17 जून 2026 को राजमाता जीजाबाई की पुण्यतिथि के अवसर पर नवीन गुजरी चौक किरनापुर में छत्रपति शिवाजी महाराज की***

मूर्ति स्थापना का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सचिव अरविंद कोरे ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच धर्मकला जी, उपसरपंच रोशनी उपाध्याय, ललिता बाई, जयप्रकाश रामटेके,अंकुश पचभैया, उमेश भूते, रेखा भूते की गरीमामय उपस्थिति रही। भूमिपूजन कार्यक्रम में छत्रपति कुनबी समाज, किरनापुर से सर्व श्री दुलीराम हुकरे, नन्हे बहेकार, काशीराम रावते, सुखदेव भंडारकर, डुलेश बोहरे, संदीप भूते, अनिल हाथीमारे, ज्ञानीराम बोहरे, नवप्रकाश हुकरे, चिंटू बोहरे, नितेश बोहरे, ओमकार कुथे, सखाराम भूते, सुलोचना हाथीमारे, सरिता जोशी, शशिकला हुकरे, अमीता ठाकरे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जनों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।


दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें. मो. 9329033433



॥ श्री जीणमाता की जय ॥
॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# बालाघाट-बैहर मार्ग को फोरलेन बनाने सांसद-विधायक करें संयुक्त पहल - भीम वाहने..



जगप्रेरणा भरवेली (बालाघाट)। ***मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष भीमकुमार वाहने ने बालाघाट-बैहर मार्ग को फोरलेन किए जाने की मांग उठाते हुए जिले के सांसद एवं विधायकों से इस दिशा में संयुक्त प्रयास करने का आग्रह किया है।***

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगातार बढ़ते यातायात, पर्यटन गतिविधियों और खनिज परिवहन को देखते हुए यह मार्ग अब टू-लेन व्यवस्था के लिए पर्याप्त नहीं रह गया है। यदि इस सड़क को फोरलेन में परिवर्तित किया जाता है तो इससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और आम नागरिकों को भी बड़ी राहत प्राप्त होगी।

भीम वाहने ने कहा कि बालाघाट से बैहर होकर विश्वविख्यात कान्हा राष्ट्रीय उद्यान तक पहुंचने वाला यह प्रमुख मार्ग पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रतिवर्ष हजारों देशी-विदेशी पर्यटक इस मार्ग का उपयोग करते हैं, लेकिन सड़क की सीमित चौड़ाई और यातायात दबाव के कारण उन्हें अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि कई पर्यटक मंडला या जबलपुर मार्ग का विकल्प चुनते हैं। यदि बालाघाट-बैहर मार्ग फोरलेन हो जाए तो पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत होगी।

उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर वन संपदा और खनिज संपदा से लदे भारी वाहनों का आवागमन भी बड़ी संख्या में होता है। ट्रकों और अन्य वाहनों की अधिकता के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। सड़क की चौड़ाई कम होने से कई स्थानों पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है, जिससे यात्रियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। भीम वाहने ने बैहर रेलवे फाटक का उल्लेख करते हुए कहा कि सरेखा के बाद बैहर में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए था। यहां जबलपुर, कटंगी और भरवेली की ओर जाने वाली ट्रेनों का लगातार आवागमन रहता है, जिसके कारण रेलवे फाटक बार-बार बंद होता है और लोगों का समय बर्बाद होता है। फोरलेन सड़क एवं रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण से इस समस्या का स्थायी समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि सड़क के दोनों ओर हुए अतिक्रमण के कारण कई स्थानों पर मार्ग और संकरा हो गया है। फोरलेन परियोजना के माध्यम से अतिक्रमण हटाने का कार्य भी प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। भरवेली क्षेत्र में बैंकिंग समय के दौरान सड़कों के किनारे बड़ी संख्या में वाहन खड़े रहने से यातायात बाधित होता है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है।

भीम वाहने ने गोंदिया-लालबर्रा फोरलेन मार्ग का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां सड़क चौड़ीकरण के बाद लोगों को आवागमन में उल्लेखनीय सुविधा मिली है। इसी प्रकार बालाघाट-बैहर मार्ग के फोरलेन बनने से क्षेत्रीय व्यापार, पर्यटन, परिवहन और आर्थिक गतिविधियों को भी नया विस्तार मिलेगा। इससे सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी और क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

उन्होंने जिले के सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे संयुक्त रूप से केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा राज्य सरकार के समक्ष इस महत्वपूर्ण मांग को रखें और जनहित में बालाघाट-बैहर मार्ग को फोरलेन कराने के लिए ठोस पहल करें। उनका कहना है कि यह परियोजना न केवल क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि लाखों लोगों की सुविधा और सुरक्षा से भी सीधे जुड़ी हुई है।

# विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत सांसद भारती पारधी ने चलाया विशेष जनसंपर्क अभियान, प्रबुद्ध एवं वरिष्ठजनों का किया सम्मान..











जगप्रेरणा परसवाड़ा। ***प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में चलाए जा रहे 'विकसित भारत संकल्प अभियान' के अंतर्गत बुधवार 17 जून को बालाघाट-सिवनी लोकसभा***

क्षेत्र की सांसद भारती पारधी ने परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों का प्रवास कर विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया तथा वरिष्ठ एवं प्रबुद्ध जनों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान लामता एवं परसवाड़ा मंडल के कार्यक्रमों में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार विशेष रूप से उपस्थित रहे। परसवाड़ा स्थित कलार भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।

सांसद भारती पारधी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज आत्मनिर्भरता, सुशासन और समावेशी विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने भी अपने उद्बोधन में ओबीसी वर्ग के हित में संचालित योजनाओं तथा सरकार की कल्याणकारी नीतियों पर प्रकाश डालते हुए विकसित भारत के निर्माण में सभी वर्गों की सहभागिता को आवश्यक बताया।

सांसद भारती पारधी ने परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के समनापुर, मोतेगांव, लामता, पचपेढ़ी (चांगोटोला),परसवाड़ा, मझगांव एवं खुरमुण्डी सहित सात मंडलों में जनसंपर्क कर कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से संवाद स्थापित किया।

उन्होंने क्षेत्रीय समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना तथा उनके निराकरण हेतु आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। साथ ही समाज निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रबुद्ध एवं वरिष्ठजनों का सम्मान कर उनके अनुभवों को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी रामेश्वर कटरे, जनपद अध्यक्ष समलसिंह धुर्वे, उपाध्यक्ष कांति राहंगडाले, परसवाड़ा मंडल अध्यक्ष योगेश शरणागत, तपन राजा चौधरी, समनापुर मंडल अध्यक्ष गणेश लिल्हारे, लामता मंडल अध्यक्ष योगेश खैरवार, मझगांव मंडल अध्यक्ष संतोष साहू सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता नंदकिशोर ऐड़े, अशोक अवधिया, पीतम बोपचे, शंकर बघेल, कांशीराम हिर्वाने, निरख अमूले, हिर्देशाय हिर्वाने, शिव पटले, अशोक कटरे, विवेक पटले एवं शिवानी तिल्लासी उपस्थित रहे।

## कार्यालय नगरपालिका परिषद बालाघाट, जिला-बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक / एफ / राज. शाखा / अ.सू./2026 / 3002 बालाघाट दिनांक- 08/06/2026

**।। आम-सूचना ।।**

### सम्पत्तिकर निर्धारण वर्ष 2026-27 के लिये वार्षिक भाड़ा मूल्य अवधारणा हेतु सूचना

आगामी वर्ष 2026-27 में नगरपालिका बालाघाट क्षेत्रांतर्गत स्व. निर्धारण प्रक्रिया से संपत्तिकर की राशि जमा करने हेतु म. प्र. न. पा. ( भवन एवं भूमियों के कर योग्य संपत्ति मूल्य का निर्धारण ) राजपत्र क्र. 46 भोपाल, दिनांक 13 नवम्बर नियम 2020 के नियम 6 के तहत निम्नानुसार निर्णय पारित किया जाता है- 1. नियम 6-रु- म. प्र. न. पा. अधिनियम की धारा 127 ए (1) के अनुसार कर योग्य संपत्ति मूल्य रु. 4800-00 वार्षिक से अधिक होने पर निम्नानुसार संपत्तिकर की रकम देय होगी - 1. - 0 से 4800 भाड़े तक कर योग्य संपत्ति मूल्य - मुक्त। 2. 4801 से 14000 तक करे योग्य संपत्ति मूल्य - 6 %। 3. 14001 से 24000 तक कर योग्य संपत्ति मूल्य - 8%। 4. 24001 से अधिक कर योग्य संपत्ति मूल्य - 10% (2. निगम 6 ख नियम 3 के तहत नगर परिषद् / नगरपालिका क्षेत्र में स्थित भवनों एवं भूमियों की अवस्था के आधार पर समस्त भवन एवं भूमियों को निम्नानुसार परिक्षेत्रों (जोन) में वर्गीकृत किया जाता है) 3. कलेक्टर गाईड लाईन अनुसार वर्ष 2020 2027 के लिए बाजार मुल्य में वृद्धि की गई हैं। परन्तु निकाय द्वारा जोन क्र. 1. 2 एवं 3 मे आवासीय पक्के कच्चे भवन टीन शेड एवं भू खण्डो में 04त्न वृद्धि की गई एवं व्यवसायिक भवनो पक्के कच्चे टीन शेड भू खण्डों में 05त्न वृद्धि की गई है। 4. म. प्र. नगरपालिका ( भवनों एवं भूमियों के कर योग्य सम्पत्ति मूल्य का निर्धारण) नियम 2020 के नियम पांच (दो) अनुसार यदि कलेक्टर द्वारा संपत्ति मूल्यों में 10त्न से अधिक की वृद्धि होती है तो कर योग्य सम्पत्ति मूल्य में भाड़ा मूल्य ) अधिकतम 10त्न की वृद्धि की जाएगी अतः आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये नगर पालिका क्षेत्र बालाघाट अंतर्गत रिक्त भूमियों एवं भवनों के लिए सम्पत्ति कर की रकम जमा करने हेतु निम्नानुसार दरें प्रस्तावित है।

| परिक्षेत्र क्र. | स्थान का विवरण |
| --- | --- |
| परिक्षेत्र जोन क्र. - 01 | 06, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 26, 27, 28, 29 |
| परिक्षेत्र जोन क्र. - 02 | 01, 02, 03, 04, 05, 08, 09, 10, 11, 13, 23, 24, 25, 30, 32, 33 |
| परिक्षेत्र जोन क्र. - 03 | 07, 12, 14, 31 |

वार्षिक भाड़ा मूल्य की दर........ रूपये प्रति वर्गमीटर मे

| जोन क्र (परिक्षेत्र क्र. ) | आबासीव | | | | ओद्योगिक/वाणिज्यिक | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | खुली भूमि की दर | पक्का भवन जो सीमेंट, पत्थर की छत कांक्रीट या चूने से बना हो। | कच्चा भवन जो लोहे की चादर या चूने से बना हुआ है। | कच्चा (कवेलू वाला) | खुली भूमि की दर | पक्का भवन जो सीमेंट, पत्थर की छत कांक्रीट या चूने से बना हो। | कच्चा भवन जो लोहे की चादर या चूने से बना हुआ है। | कच्चा (कवेलू वाला) |
| परिक्षेत्र जोन क्र. - 01 | 67.60 | 237.23 | 201.76 | 134.16 | 135.45 | 395.85 | 350.70 | 270.90 |
| परिक्षेत्र जोन क्र. - 02 | 56.16 | 214.24 | 178.88 | 112.32 | 113.40 | 372.75 | 327.75 | 248.85 |
| परिक्षेत्र जोन क्र. - 03 | 44.72 | 194.48 | 157.04 | 90.30 | 90.30 | 350.70 | 294.00 | 225.75 |

मुख्य बाजार :- 1. काली पुतली चौक से राजघाट चौक होते हुए हनुमान चौक तक। 2. रानी अवंतीबाई चौक से गौली मोहल्ला होते हुए शुक्ला नर्सिंग होम तक। 3. काली पुतली चौक से रामलीला मैदान होते हुए नावेल्टी हाउस तक। मुख्य सड़क :- 1. रानी अवंतीबाई चौक से मटेरा चौकी तक। 2. रानी अवंतीबाई चौक से बुढ़ी रेल्वे क्रासिंग होते हुए फिल्टर प्लांट तक । 3. काली पुतली चौक से पालिटेक्निक कॉलेज तक । 4. रानी अवंतीबाई चौक से देवटोला नगरपालिका सीमा तक एवं देवटोला चौक से वायपास होते हुए सरेखा, सरेखा नगरपालिका सीमा तक। 5. हनुमान चौक से सरेखा नगरपालिका सीमा तक । 6. हनुमान चौक से रेल्वे स्टेशन तक । 7. मोती तालाब से बर्फफैक्ट्री रोड होते हुए सरस्वती नगर तक । 8. काली पुतली चौक से जय स्तंभ होते हुए बैनगंगा नदी नगरपालिका सीमा तक । 9. होटल मल्लिकार्जुन गायत्री मंदिर होते हुए उत्सव लोन तक । 10. अम्बेडकर चौक से विश्वेश्वरैया चौक होते हुए रानी दुर्गावती चौक तक । 11. अम्बेडकर चौक से हनुमान चौक तक । 12. जय स्तंभ चौक से विश्वेश्वरैया चौक तक । 13. रानी अवंतीबाई चौक से जिला अस्पताल होते हुए जय स्तंभ चौक तक। नोट - (1) मुख्य बाजार एवं मुख्य सड़क पर स्थित सम्पतियों एवं लॉनों के वार्षिक भाड़ा मूल्य उस सम्पत्ति से संबंधित बार्ड के जोन के लिए लागू वार्षिक भाडा मूल्य से 30 प्रतिशत अधिक होगा। (2) 31 अक्तूबर 2026 तक भवन / भूमि स्वामियों द्वारा स्वकर निर्धारण विवरणी भरकर संपत्तिकर राशि का भुगतान करना अनिवार्य होगा । निर्धारित तिथि तक स्वकर निर्धारण विवरणी प्रस्तुत न करने पर 05 प्रतिशत अधिभार देय होगा। (3) शिक्षा उपकर एवं नगरीय विकास उपकर की गणना पूर्वानुसार की जायेगी। (4) भवनों पर रख-रखाव 'छूटः पूर्वानुसार दिया जाना होगा। ऐसी सम्पत्तियों पर जो भवन स्वामी के निवास हेतु अधिपत्य में हो 50त्न सम्पत्तिकर देय होगा, यदि उसी वित्तीय वर्ष में करो की राशि जमा की जाती है। तो मान्य होगा। सम्पत्ति कर का संदाय उसी वित्तीय वर्ष के भीतर किया जाता है। जिसमें कर देय है। यदि उसी वित्तीय वर्ष के भीतर जमा नही की जाती है तो तथापि यह छुट उपलब्ध नही होगा एवं वाणिज्यिक भवन एवं किराये के उपयोग वाले भवनों पर 50त्न छूट प्राप्त नहीं होगी।

| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | सभापती | मुख्य नगरपालिका अधिकारी |
| --- | --- | --- | --- |
| नगरपालिका परिषद बालाघाट | नगरपालिका परिषद बालाघाट | नगरपालिका परिषद बालाघाट | नगरपालिका परिषद बालाघाट |
| जिला - बालाघाट (म.प्र.) | जिला - बालाघाट (म.प्र.) | जिला - बालाघाट (म.प्र.) | जिला - बालाघाट (म.प्र.) |

# कटंगी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप कटंगी सरकारी अस्पताल में मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

## अस्पताल में भर्ती मरीजों को किया गया फल वितरण



**जगप्रेरणा कटंगी (बालाघाट)।** बालाघाट जिले का कटंगी सरकारी अस्पताल जिसे लोग वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नाम से जानते हैं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486 वी जयंती जहां 17 जून को पूरे देश भर सहित बालाघाट जिला मुख्यालय में मनाई गई वहीं कटंगी सरकारी अस्पताल में भी मनाई गई इस अवसर पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर फूल माला अर्पण की गई और उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया वहीं कटंगी सरकारी अस्पताल में भर्ती मरीज को फल वितरण किया गया वहीं महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर कटंगी सरकारी अस्पताल में मुख्य रूप से उपस्थित रहे कटंगी विकास मंच के अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर,यशवंत ठाकुर, हेमंत ठाकुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर प्रभारी डॉक्टर विनोद भलावी, सचिन अग्रवाल के अलावा कटंगी सरकारी अस्पताल का समस्त स्टाफउपस्थित रहा महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए सुरजीत ठाकुर ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप मेवाड़ राजस्थान के महान सिसोदिया राजवंश के शासक थे वे अपने अदम्य साहस शौर्य त्याग और स्वाभिमान के इतिहास में अमर है उन्होंने मुगल सम्राट अकबर की अधीनता स्वीकार करने के बजाय आजीवन स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया वैसे तो उनका जन्म 9 मेई 1540 को राजस्थान में हुआ था परंतु हिंदू पंचांग के अनुसार 17 जून को जयंती मनाई जाती है इस अवसर पर डॉ विनोद भलावी के अलावा यशवंत ठाकुर और हेमंत ठाकुर द्वारा भी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया

## न्यायालय तहसीलदार परसवाडा

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क..... बी - 121.... वर्ष 2026-27
मौजा दलवाड़ा प.ह.न.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता ग्राम दलवाड़ा को सूचित किया जाता है कि आवेदक परमानन्द आ. रोशनलाल निवासी ग्राम दलवाड़ा प.ह.नं. तहसील परसवाडा जिला बालाघाट द्वारा अपने भाई शंकरलाल पिता रोशनलाल निवानी दलवाड़ा तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट की दिनांक 01.01.2000 को मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति विशेष को दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह दिनांक तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त किसी भी प्रकार के दावा एवं आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया है।

तहसीलदार
परसवाडा

**।। शपथपत्र ।।**

मै. शपथग्रहिता रविकान्ता मसराम पिता थानसिंह मसराम जाति गोंड साकिन तिरगाँव तहसील परसवाडा जिला बालाघाट कि निवासी होकर शपथपूर्वक कथन करती है कि - 1. यह कि शपथग्रहिता उपरोक्त वर्णित स्थान कि स्थाई निवासी है। 2. यह कि शपथग्रहिता कि माँ. अमरोतिन पति थानसिंह मसराम कि मृत्यू दिनांक 13/02/2020 को ग्राम तिरगाँव में सामान्य बीमारी से मृत्यु हुई है जिसके लिये उक्त शपथ पत्र प्रस्तुत है । 3. यह कि शपथग्रहिता को शासकीय अशासकीय कार्य के लिये मृत्यु प्रमाण पत्र कि आवश्यकता है, जिसके लिये उक्त शपथ पत्र प्रस्तुत है। 4. यह कि शपथग्रहिता द्वारा सत्य कथन है अगर असत्य कथन पाया जाती है तो शपथग्रहिता स्वयं जवाबदार एंव जिम्मेदार होगी।

सबब शपथ पत्र प्रस्तुत है

सत्यानप - में एतद द्वारा सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त कथन मेरे स्वतः ज्ञान एंव विश्वास से स्थान परसवाडा में पढ़कर समझकर अपने हस्ताक्षर अंकित कि।

परसवाडा
दिनांक 12/06/2026

रविकान्ता मसराम
शपथग्रहिता

**।। शपथपत्र ।।**

मैं शपथग्रहिता धनवन्ती मसराम पति जगदीश मसराम जाति गोंड साकिन तिरंगॉव तहसील परसवाडा जिला बालाघाट कि निवासी होकर शपथपूर्वक कथन करती है कि - 1 यह कि शपथग्रहिता उपरोक्त वर्णित स्थान कि स्थाई निवासी है। 2. यह कि शपथग्रहिता कि ससूर नैनसिंह मसराग पिता बीरनसिंह मसराम कि मृत्यृ दिनांक 07/10/2003 को ग्राम तिरगॉव में सामान्य बीमारी से मृत्यु हुई है जिसके लिये उक्त शपथ पत्र प्रस्तुत है । 3. यह कि शपथग्रहिता को शासकीय अशासकीय कार्य के लिये मृत्यु प्रमाण पत्र कि आवश्यकता है जिसके लिये उक्त शपथ-पत्र प्रस्तुत है । 4. यह कि शपथग्रहिता द्वारा सत्य कथन है अगर असत्य कथन पाया जाती है तो शपथग्रहिता स्वयं जवाबदार एंव जिम्मेदार होगी

सबब शपथ पत्र प्रस्तुत है

सत्यापन - मै एतद द्वारा सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त कथन मेरे स्वतः ज्ञान एंव विश्वास से से स्थान परसवाडा में पढकर समझकर अपने हस्ताक्षर अंकित कि -

परसवाडा
दिनांक 12/06/2026

धनवन्ती
शपथग्रहिता







विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण
गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं..

## पुलिस निरीक्षक तिरुपति राणे की अपील..

## मोहर्रम के अवसर पर आमगांव पुलिस थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न..



जगप्रेरणा आमगांव।

*आगामी मोहर्रम पर्व के मद्देनजर कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आमगांव पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न समाजों के नागरिक, ताजिया समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।*

बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस निरीक्षक तिरुपति राणे ने सभी नागरिकों से मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए सभी नागरिक प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर मोहर्रम जुलूस के मार्ग, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा उपायों तथा नागरिकों की सुविधाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

उपस्थित लोगों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत करते हुए प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। पुलिस प्रशासन की ओर से नागरिकों से अफवाहों पर विश्वास न करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई।

बैठक का समापन आपसी सहयोग, सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश देते हुए किया गया। बैठक में शांति समिति के सदस्य संतोष श्रीखंडे, प्रभादेवी उपराडे, योगेश रामटेके, नरेंद्र बाजपेयी, इसुलाल भालेकर, संपतलाल सोनी, दिलीप बैस, अब्दुल रजाक शेख, भोला गुप्ता, राधाकिसन चुटे सहित शांतता समिती के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित थे।

# ‘पढ़ाई के साथ कमाई’: बेहळीटोला स्कूल की खेती की बेहतरीन पहल..



जगप्रेरणा आमगांव।

*कौन कहता है कि सिर्फ़ किसान ही खेत से कमाई कर सकते हैं, ज़िला परिषद प्राथमिक स्कूल बेहळीटोला की एक नई पढ़ाई की पहल से आधे एकड़ में मक्के की फसल उगाई गई और 40 हज़ार रुपये की कमाई*

हुई। इस पहल से छात्राओं को खेती का ज्ञान तो मिला ही, साथ ही मेहनत की इज्ज़त, नियोजन और उद्‌जकता के सबक भी मिले। स्कूल में क्लासमेट रहे टीचर श्री जितेंद्र काशीवार सर और श्री संतोष कुमार परतेकी सर के गाइडेंस में, स्कूल कैंपस में मौजूद जगह का सही इस्तेमाल करके, स्टूडेंट्स की मदद और पेरेंट्स की मेहनत से ड्रिप इरिगेशन मेथड और चीनी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके स्कूल में मक्के की फसल उगाई गई। स्टूडेंट्स ने ज़मीन तैयार करने, बुवाई, फर्टिलाइज़र मैनेजमेंट, पेस्ट कंट्रोल और वॉटर मैनेजमेंट के साथ-साथ फसल बचाने के सभी प्रोसेस में पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया।

सही प्लानिंग और लगातार देखभाल की वजह से मक्के की फसल खूब हुई। कटाई के बाद मक्का बेचा गया और स्कूल को करीब 40 हजार रुपये की इनकम हुई। इस कामयाबी से स्टूडेंट्स में खेती के प्रति पॉजिटिव सोच बनी है और उन्हें प्रैक्टिकल एक्टिविटीज़ से सीखने का मौका मिला है। इस पहल से स्टूडेंट्स ने न सिर्फ किताबों से ज्ञान हासिल किया, बल्कि खेती की टेक्नोलॉजी, फाइनेंशियल प्लानिंग, टीमवर्क और आत्मनिर्भरता का महत्व भी समझा। स्कूल की इस पहल की पेरेंट्स, गांववालों और शिक्षा के क्षेत्र के जाने-माने लोगों ने तारीफ की है।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### मकान निर्माण की बात पर भाई भाई मे हुई मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 15/6/2026 के रात 9 बजे के दरम्यान किल्ला वार्ड तिरोडा मे फर्यादी राजेन्द्रसिंग गहेरवार उम्र 71 वर्ष निवासी तिरोडा और आरोपी सगे भाई होकर घटना के समय फर्यादी अपने भाई का मकान देखने गये और उससे कहा तेरा मकान मेरे दरवाजे के सामने आ रहा है, इस बात पर आरोपी भाई ने गालीगलौच कर इटे से मारपीट की बेटा बीच बचाव करने आया तो आरोपी के बेटे ने भी मारपीट करने से फर्यादी की शिकायत पर आरोपियो के खिलाफ पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 605/2026 धारा 118,1,352,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोना श्रिरामे 2230 पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

### समझाने गये शराबी को तो शराबी ने की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 15/6/2026 के रात 9 बजे गौतमनगर गोंदिया मे आरोपी विजय लोनवले यह मोहल्ले मे शराब पिकर आया और गालीगलौच करने लगा पडोस मे रहने वाली महीला फर्यादी की बेटी ने कहा तुम शराब पीकर आते हो और क्यो झगडा करते हो तो आरोपी ने उसे मारपीट की मा छुड़ाने गई तो आरोपी ने उसे भी इटे के टुकड़े से मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 446/2026 धारा 118,1,352,351,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा बिसेन 1490 गोंदिया शहर कर रहे है।

### फोरविलर की चपेट मे आने से बालक की हुई मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत ॲक्सीडेंट मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 16/ 6/ 2026 के दोपहर 3 बजे के दरम्यान ग्राम सरांडी मे फर्यादी वंदना कमल उके उम्र 31 वर्ष निवासी सरांडी का बेटा साहील उके उम्र 11 वर्ष पैदल जा रहा था। घटना के समय अज्ञात स्विफ्ट कार के चालक ने उसे टक्कर मारी गंभीर चोट लगने से साहील की मौत हो गई, फर्यादी के दिये बयान पर फोरविलर चालक के खिलाफपोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 606/2026 धारा 106,1,281, भान्यास 2023 सहकलम 184,134, अ, ब, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच मपोऊपनी बैस पोस्टे तिरोडा कर रही है।

### पोल से अल्युमीनियम तार चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार 13/6/2026 के रात मे आसोली से तिगाव रोड पर फर्यादी विशाल हुदराम शुक्का उम्र 40 वर्ष निवासी गोंदिया का पॉलीकेब कंपनी का पोल पर तार लगाने का काम शुरू था। घटना के रात मे पोल पर लगाया हुवा 3.300 कि मी वायर किमत 75 हजार रुपये का माल अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 428/2026 धारा 303,2, बी एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोनी तिरुपती राणे पोस्टे आमगांव कर रहे है।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल में द्वितीय तिमाही पेंशन अदालत का सफल आयोजन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल में दिनांक 15 जून 2026 को द्वितीय तिमाही की पेंशन अदालत का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर सेवानिवृत्त*

रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की पेंशन संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु विभिन्न मामलों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। पेंशन अदालत में रेल प्रशासन की ओर से अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री राजेश चिखले, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्रीमती श्वेता एच.के. छोरिया, सहायक कार्मिक अधिकारी श्री राजेश प्रसाद तथा सहायक मंडल वित्त प्रबंधक श्री राजेश कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। वहीं पेंशनभोगी संघ की ओर से अध्यक्ष श्री डी.एन. मूर्ति, महासचिव श्री बासुदेव सहित अनेक पेंशनभोगी एवं शिकायतकर्ता भी उपस्थित रहे। अदालत के दौरान पेंशन, पारिवारिक पेंशन, सेवानिवृत्ति लाभ तथा अन्य लंबित प्रकरणों से संबंधित कुल 28 मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। इनमें से 18 मामलों का मौके पर ही समाधान कर निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता ने कहा कि सेवानिवृत्त रेलकर्मी रेलवे परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध एवं संवेदनशील समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विशेष तत्परता बरती जाए। नागपुर मंडल द्वारा आयोजित यह पेंशन अदालत सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान एवं उनके हितों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुई।

# नेशनल अबेकस स्पर्धा में प्रगति येटरे की शानदार कामयाबी..



## 10 मिनट के पेपर में सिर्फ़ 9 मिनट में 100 में से 100 मार्क्स, राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान पाकर सम्माननीय उपलब्धि..

जगप्रेरणा आमगांव।

*रिसामा सेंटर की छात्रा सुश्री प्रगति तीरथ येटरे ने अपनी इंटेलिजेंस, कॉन्संट्रेशन और कड़ी मेहनत के दम पर अमरावती की रेज अबेकस एकेडमी द्वारा ऑर्गनाइज़ 17वें नेशनल अबेकस कॉम्पिटिशन में शानदार कामयाबी हासिल की है।*

7 जून, 2026 को हुए इस नेशनल कॉम्पिटिशन में सुश्री प्रगति ने सिर्फ़9 मिनट में 100 में से 100 मार्क्स स्कोर करके दूसरा स्थान हासिल किया। उनके शानदार परफॉर्मेंस से इलाके में गर्व का माहौल है। इस कॉम्पिटिशन का पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार, 16 जून को रेज अबेकस एकेडमी के फाउंडर अमोल गेवनर और अमरावती के खास मेहमानों की मौजूदगी में हुआ।

प्रगति की सफलता के पीछे रिसामा सेंटर की डायरेक्टर अर्चना हुकरे का गाइडेंस और कड़ी मेहनत का अहम रोल रहा। उन्हें तेजराम हुकरे, मुकेश उजवाने और विद्या निकेतन कॉन्वेंट के प्रिंसिपल भरत ताजने से भी बहुत मदद मिली। प्रगति ने इस सफलता का क्रेडिट अपने पिता तीरथ येटरे, मां मिसेज प्रतिभा येटरे दादा-दादी और परिवार के सदस्यों को दिया है। खास बात यह है कि उन्होंने यह सफलता और अवॉर्ड अपने स्वर्गीय दादा जुगराज येटरे की पवित्र याद को समर्पित किया है।

राष्ट्रीय स्तर पर इस शानदार सफलता की वजह से, मिस प्रगति येटरे दूसरे छात्रो के लिए प्रेरणा बन गई हैं और अपनी उपलब्धियों से यह साबित कर दिया है कि लगातार प्रैक्टिस, कॉन्फिडेंस और टीचर्स के गाइडेंस से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।




# इटखेड़ा जंगल में मिली मानव खोपड़ी, पुलिस ने शुरू की जांच



जगप्रेरणा गोंदिया।

*अर्जुनी मोरगांव तहसील के तावशी-इटखेड़ा मार्ग से लगे जंगल क्षेत्र में एक मानव खोपड़ी मिलने का मामला सामने आया है। यह घटना 29 मई 2026 की बताई जा रही है।*

जानकारी के अनुसार, हरिचंद अत्यारी बधवा जंगल में सब्जी तोड़ने गए थे। इसी दौरान उन्हें झाड़ियों के बीच एक मानव खोपड़ी दिखाई दी। उन्होंने इसकी सूचना तावशी गांव में दी, जिसके बाद शिकायतकर्ता तथा निलज के पुलिस पाटिल ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि वह मानव खोपड़ी है। इसके बाद पंचों की उपस्थिति में खोपड़ी को जब्त कर लिया गया।

इस मामले में धारा 194 के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को इस खोपड़ी के संबंध में कोई जानकारी हो तो वे अर्जुनी मोरगांव पुलिस थाना के पुलिस निरीक्षक कमलेश सोनटक्के (मो. 9422644538) अथवा सहायक पुलिस निरीक्षक घनश्याम तांबे (मो. 7774039640) से संपर्क कर जानकारी दें।



अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोस की जांच ■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस — अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस — प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



12 गुरुवार 18 जून 2026

# जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा

● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● तुमसर ● साकोली



महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555


### निरंतर नीचे गिरता चला जा रहा गोंदिया जिले में सरकारी अधिकारियों कर्मचारियों का जमीर..

## फिर एक रिश्वतखोर महिला राजस्व सहायक को 10 हजार की रिश्वत लेते एंटी करप्शन ने किया गिरफ्तार..




जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया जिले में निरंतर एक के बाद रिश्वतखोरी के मामले सामने आते ही रहते हैं। कभी नगर परिषद, तो कभी पुलिस विभाग, कभी जिला परिषद, तो कभी शिक्षा विभाग, कभी राजस्व तो कभी तहसील कार्यालय, यहां तक की पटवारी, तहसीलदार, इंजीनियर*

संहित अनेक अधिकारी तथा महिला अधिकारी कर्मचारी भी रिश्वत लेते धरे जा चुके हैं, और एक बार फिर आज 17 जून को एक ऐसा ही रिश्वतखोरी का मामला सामने आया है, जिसमें महिला राजस्व सहायक को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। एक बार फिर रिश्वतखोरी के प्रकरण के सामने आने के बाद यह तो स्पष्ट है कि गोंदिया जिले में निरंतर सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों का जमीर गिरता चला जा रहा है।

आज के दौर में अधिकारियों, कर्मचारियों को ना तो स्वयं के सम्मान की परवाह है, ना ही देश और समाज की, तभी तो दिन प्रतिदिन मानो रिश्वतखोरी की होड़ सी मचने लगी है। ऐसी ही होड़ में फिर एक बार गोंदिया जिले के नाम पर सरकारी अमले में भूमिका निभाने वाली महिला के रिश्वतकृत्य से जिले के नाम पर बट्टा लग गया है।

### क्या है मामला..

मामले के संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता भारतीय सेना का पूर्व सैनिक व पुलिस विभाग से सेवा निवृत वरिष्ठ लिपिक जिसे जिसे पूर्व सैनिक होने के चलते शासन के नियमानुसार शासन द्वारा कृषि भूमि दी जानी थी, जिसके लिए पूर्व सैनिक ने ग्राम टेढ़वा तहसील गोंदिया में जमीन भूमापन क्रमांक 174 प्राप्त हो इसके लिए तहसील कार्यालय गोंदिया में महाराष्ट्र एग्रीकल्चर लैंड एक्ट 1961 के तहत आवेदन किया था। इस मामले में उसकी संपूर्ण कार्यवाही के दायित्व आरोपी राजस्व सहायक (वर्ग 3) श्रीमती शालू कमलेश कावडे उम्र 38 वर्ष को पूर्ण करना था, लेकिन वह शिकायतकर्ता को ना सिर्फ घुमा रही थी, बल्कि उससे 50 हजार रूपए रिश्वत की मांग भी की गई, जिस पर शिकायतकर्ता द्वारा गोंदिया एंटी करप्शन ब्यूरो के कार्यालय में 16 जून को इसकी शिकायत की गई। एंटी करप्शन ब्यूरो गोंदिया द्वारा शिकायत प्राप्त होने के पश्चात जांच की गई जिसमें आरोपी द्वारा काम करने के बदले 50000 की रिश्वत की थी इसकी पुस्टि होने तथा एडवांस के रूप में 10000 की मांग करने के साथ ही 40000 कम होने के पश्चात देने के लिए कहा था। इसके पश्चात 17 जून को गोंदिया की नई प्रशासकीय ईमारत कार्यालय परिसर में शिकायतकर्ता से राजस्व सहायक आरोपी शालू कावडे द्वारा 10 हजार की नगद राशि स्वीकार करते हुए गोंदिया एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई के दौरान आरोपी की तलाशी लेने पर 10000 की रिश्वत की नगद राशि जप्त की गई तथा आरोपी का मोबाइल भी जप्त किया गया इसके बाद आरोपी के घर की तलाशी लेने की प्रक्रिया एसीबी द्वारा शुरू की गई थी।

**इन्होंने की कार्रवाई..**

उपरोक्त मामले में गोंदिया शहर पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार प्रतिबंधक अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया। उपरोक्त करवाई पुलिस अधीक्षक एसीबी नागपुर डॉक्टर दिगंबर प्रधान, अपर पुलिस अधीक्षक एसीबी नागपुर श्रीमती माधुरी बाविस्कर, अपर पुलिस अधीक्षक विजय माहुलकर के मार्गदर्शन में गोंदिया एंटी करप्शन ब्यूरो के पुलिस उप अधीक्षक निलेश लोधी, एएसआई चंद्रकांत करपे, हेड कांस्टेबल संजयकुमार बोहरे, हेड कांस्टेबल मंगेश काहालकर, पुलिस नायक संतोष शेंडे, संतोष बोपचे, अशोक कापसे, प्रशांत सोनवणे, कैलास काटकर, दीपक बाटबर्वे, रोहिणी डांगे द्वारा की गई।

## नगर योग उत्सव समिति के तत्वाधान में 21 जून को संपन्न होगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह..




जगप्रेरणा गोंदिया।

*हर गली, हर घर-योग एक सार्वजनिक अधिकार बने की अवधारणा को मूर्त रूप देने वाली नगर योग उत्सव समिति, गोंदिया द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 की तैयारियों के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आज गोंदिया के सिविल लाइंस स्थित योग भवन में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।*

### गोंदिया शहर में इंदिरा गांधी स्टेडियम में योग समारोह को भव्य बनाने योग भवन में बैठक का आयोजन कर किया गया विचार विमर्श..

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को विश्व भर में मनाया जाता है। पिछले 10 वर्षों से, गोंदिया में नगर परिषद के इंदिरा गांधी स्टेडियम में सरकारी, अर्ध-सरकारी, सामाजिक, शैक्षणिक, आध्यात्मिक और विभिन्न योग संगठनों के सहयोग से एक भव्य योग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह पहल जिले में स्वास्थ्य जागरूकता का एक प्रेरणादायक उत्सव बन गई है। बैठक में योग उत्सव 2026 के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। जनसंपर्क, प्रचार, स्वयंसेवक प्रबंधन, संस्थागत भागीदारी, नागरिक जागरूकता, सरकारी समन्वय, साथ ही कार्यक्रम की विभिन्न जिम्मेदारियों का आवंटन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने गोंदिया जिले के प्रत्येक वार्ड, मोहल्ले, स्कूल, कॉलेज, संस्थान और परिवार तक योग का संदेश पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। नगर योग उत्सव समिति की ओर से सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे 21 जून, 2026 को सुबह 6:00 बजे नगर परिषद स्टेडियम, गोंदिया में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और योग उत्सव 2026 में अपने परिवारों के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित हों और योग, स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवनशैली का लाभ उठाएं। समिति ने इस वर्ष के योग महोत्सव को गोंदिया जिले के इतिहास में सबसे बड़ा, सबसे अनुशासित और सबसे प्रेरणादायक स्वास्थ्य आंदोलन बनाने का अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया।

### विदर्भ जोन अध्यक्ष अजय वडेरा की अध्यक्षता में

## अखिल विश्व लोहाणा महापरिषद की विदर्भ जोन कार्यकारिणी की सभा नागपुर में उत्साहपूर्वक संपन्न..







जगप्रेरणा गोंदिया।

*लोहाणा समाज की मातृसंस्था अखिल विश्व लोहाणा महा परिषद द्वारा नियुक्त विदर्भ जोन के नव नियुक्त पदाधिकारियों व कार्यकारिणी की प्रथम सभा रविवार को हिवरिनगर नागपुर स्थित श्री लोहाणा सेवा मंडल के भवन*

में आयोजित की गई। इस सभा की अध्यक्षता विदर्भ जोन के अध्यक्ष अजय वडेरा गोंदिया ने की। सभा की शुरुआत प्रभु प्रार्थना के साथ ध्वज वंदना, गौरव गान के साथ हुई। कार्यक्रम में महापरिषद की जानकारी, इतिहास विदर्भ मध्य भारत के पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद पटेलिया ने सभा को दी।

महापरिषद की कार्यप्रणाली व विविध प्रवृति की जानकारी पूर्व उपाध्यक्ष नरेन्द्र दावड़ा ने सविस्तार दी। इसी प्रकार महापरिषद के विदर्भ जोन के 11 जिलों के नवनियुक्त पदाधिकारियों को जोन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव को अजय वडेरा के शुभ हस्ते नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए। विदर्भ जोन अध्यक्ष अजय वडेरा ने महापरिषद के जिला अध्यक्षों के कार्य व जवाबदारी व आगामी कार्यक्रम के संदर्भ में उन्हें सविस्तार मार्गदर्शन दिया, साथ ही श्री लोहाणा सेवा मंडल के अध्यक्ष गिरीश सूबा का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया, जिन्होंने इस सभा हेतू सेवा मण्डल का सभागृह उपलब्ध, व स्वादिष्ट सुरुचि भोजन का आयोजन कराया।

सभा में उपस्थित 11 जोन के पदाधिकारियों ने समाजहित कार्य करने हेतु चर्चा में भाग लिया व जोन के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया। महापरिषद की प्रथम अंतर्राष्ट्रीय करोबारी सभा नासिक में उपस्थित सभी पदाधिकारी शामिल होंगे। आभार प्रदर्शन नवनियुक्त विदर्भ जोन के उपाध्यक्ष चंद्रकांत पोपट (अमरावती) ने किया। मंच संचालन विभाग सचिव कमलेश वसाणी ने किया।

सभा में विदर्भ के 11 जोन नागपुर, गोंदिया, अकोला, अमरावती, यवतमाल, वाशिम, भंडारा, चंद्रपुर, वर्धा, बुलढाणा, गढ़चिरोली के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गोंदिया शहर में राजपूत समाज द्वारा धुमधाम से मनाई गई वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती..

### राजपूत युवाओं ने निकाली मोटर सायकिल रैली..

### सांसद राजेंद्र जैन की उपस्थिति में किया गया महाराणा प्रताप को किया गया नमन..











जगप्रेरणा गोंदिया।

*भारत के महान राजपूत महाराजा और वीर योद्धा वीर शिरोमणी महाराणा प्रतापसिंह जी की जयंती ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की तृतीय तिथि 17 जून बुधवार को गोंदिया शहर में राजपूत समाज की अग्रणी संस्था महाराणा प्रताप मेमोरियल संस्था एवं समस्त राजपूत समाज द्वारा धुमधाम से मनाई गई।*

वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जी की जयंती उत्सव के अवसर पर सर्वप्रथम सुबह महाराणा प्रताप उद्यान रेलटोली में अभिवादन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नवनिर्वाचित सांसद राजेन्द्र जैन ने पुष्प अर्पित करते हुए महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष वंदन किया गया, वहीं इस अवसर पर महाराणा प्रताप मेमोरियल संस्था के पदाधिकारियों द्वारा नवनिर्वाचित सांसद राजेन्द्र जैन का सत्कार किया गया। गौरतलब है कि प्रातःस्मरणीय कार्यक्रम के उपरांत शाम 4 बजे राजपूत समाज बंधुओं द्वारा भव्य बाइक रैली निकाली गई। राजपूत समाज के यूवा वरिष्ठ नेता राकेश ठाकुर के ठाकुर मोहल्ल से रैली का शुभारंभ किया गया, जो कि शहर के मुख्य मार्गो का भ्रमण कर महाराणा प्रताप उद्यान रेल टोली पहुंची, जहां पर राजपूत समाज की महिलाओं द्वारा रैली का स्वागत किया गया, तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल में भजन संध्या का कार्यक्रम एवं 10 वी, 12 वी में उतीर्ण एवं विशेष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सत्कार समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्वश्री उदय परमार, संतोष चव्हाण, प्रदीपसिंह ठाकुर, आनंद ठाकुर, हनुमानसिंह बैस, विजय बैस, समीर बैस, अमितसिंह ठाकुर, अभिषेकसिंह ठाकुर, राजू चौहान, सोमवंशीजी, दिनेश ठाकुर, अर्जुनसिंह गहरवार, सुप्रित बैस, गीता गहरवार, सीमा गौर, आशीष चौहान, शैलेश बडगुजर, रौनक ठाकूर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### बोले सांसद राजेन्द्र जैन..

सांसद राजेन्द्र जैन ने महाराणा प्रताप जयंती उत्सव पर संबोधित करते हुए कहा कि वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जी के शौर्य, पराक्रम, राष्ट्रभक्ति और उनका स्वाभिमान की गाथा जब कोई बच्चा भी सुनता है, तो उसके अंदर वीरता और साहस का जन्म हो जाता है। अपने युग में महाराणा प्रताप ने भारत की भूमि की और धर्म की रक्षा करते हुए अद्भूत वीरता का परिचय दिया। अनेक बार मुगल शासक अकबर को हराने के बाद भी जब महाराणा प्रताप को जंगल में शरण लेनी पड़ी, तो उन्होंने घांस की रोटी भी खाई, लेकिन मुगलों के आगे सर नहीं झुकाया। महारायणा प्रताप की वीरता के साथ ही उनके घोड़े चेतक की वीरता के किस्से और कहानियां जब हम सुनते हैं, तो उनकी राष्ट्रभक्ति और उनके पराक्रम को सुनकर हमारे हृदय में उनके लिये विशेष सम्मान उत्पन्न होता है। श्री जैन ने वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप को कोटि कोटि नमन किया, और महाराणा प्रताप को ना सिर्फ राजपूत समाज के अपितु सर्वसमाज के लिये आदर्श और प्रेरणा का स्त्रोत भी बताया।


SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक
SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY | C.T. SCAN



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com